16574

अथ नासिकेतोपाख्यानं भाषाटीकासहितं प्रारभ्यते

सर्वहक्क यन्त्रालयाधिकारीने स्वाधीन रक्खे हैं.


नासिकेत
गानासुनतेहै
पुण्यवान्
पुण्यवान्
जीमनेहै
वेशपायनऋषि
जन्मेजयराजा
यम
दूत
यमदूत
यमदूत
पापी
यमदूत
पापी

और बोले कि हे मुनिश्रेष्ठ ! आपको आगमन अच्छो भयो आसनपर बैठिये और हे महाराज ! तपोधन जा वार्त्ताके लिये आपको आवनो भयोहै ताहि कहिये ॥ १० ॥ उद्दालकके या वचनको सुनिके पिप्पलाद मुनि उनसों बोलत भये ॥ ११ ॥ हे मुनिनमें श्रेष्ठ ! आप मेरो प्यारो वचन सुनिये.

स्वागतंमुनिशार्दूलविष्टरेचोपविश्यताम् ॥ यदर्थंमिहचायातस्तद्ब्रूहिस्वतपोधन ॥ १० ॥ उद्दालकवचः श्रुत्वापिप्पलादस्तमब्रवीत् ॥ ११ ॥ श्रूयतांमुनिशार्दूलम मवाक्यंचसूनृतम् ॥ अहोतपोमहत्तीव्रंत्वयातप्तंविदांवर ॥ १२ ॥ परंवनितयाहीनं संयमेनह्युपस्थितः ॥ तवपार्श्वेसपत्नीकाऋषयस्तपसिस्थिताः ॥ सपुत्राःसन्तिभो ब्रह्मन्पुत्रहीनस्त्वमेवच ॥ १३ ॥

विद्वान्नम श्रेष्ठ ! तुमने बडो तीव्र तप कियो है ॥ १२ ॥ परंतु वनिता जो स्त्री है ता करि हीन जे आप हैं तिनके समीप संयमसों आये हैं और तुम्हारे समीप स्त्रीसमेत ऋषि तपमें स्थित हैं और

श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीसरस्वत्यै नमः श्रीगुरुभ्योनमः ॥ अथ नासिकेतोपाख्यानभाषा टीकाप्रारंभः । श्रीकेशवं केशवसंज्ञको विज्ञत्वा रमालालितपादपद्मम् ॥ मयांकुशाख्यं पितरं च नत्वा श्रीनासिकेतस्य करोमि भाषाम् ॥ १ ॥ दोहा—नमस्कार नारायणहि, करि नरोत्तमहि

श्रीगणेशाय नमः ॥ अथनासिकेतोपाख्यानप्रारम्भः ॥ नारायणंनमस्कृत्यनरंचैव नरोत्तमम् ॥ देवींसरस्वतींव्यासंततोजयमुदीरयेत् ॥ १ ॥ सूतउवाच ॥ गङ्गा तीरेसुखासीनःकृतस्नानोह्यलंकृतः ॥ दानंदत्वाचविधिवद्विजेभ्योजनमेजयः ॥२॥

नौमि ॥ बंदि गिरा व्यासहि रचत, भाषाटीका सोमि ॥ १ ॥ सूतजी बोले ॥ कि, गंगाके तीरमें सुखसों बैठे भये और स्नान करिकै अलंकार जे गहने आदि हैं तिन करिकै शोभित राजा जनमेजय विधिपूर्वक ब्राह्मणनको दान देकै वैशंपायनसों बोलत भये ॥ २ ॥

वे सबरे पुत्रन समेत हैं हे ब्रह्मन् ! तुमही पुत्रहीन हो ॥ १३ ॥ जाके पुत्र नही है वाको घर सूनो है और परलोकहूमें वाकी गति नही होय हैं ताते सबरे जतननसों मनुष्यको पुत्र उत्पन्न करनो चाहिये ॥ १४ ॥ उद्दालक बोले ॥ कि हे मुनिनमें श्रेष्ठ पिप्पलाद ! मोको ब्रह्मचर्यमें रहकर तप

अपुत्रस्यगृहंशून्यंपरलोकेगतिर्नहि ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनपुत्रमुत्पादयेन्नरः ॥ १४ ॥
॥ उद्दालकउवाच ॥ ॥ षडशीतिसहस्राणिव्यतीतावत्सराश्चमे ॥ पिप्पलाद
मुनिश्रेष्ठब्रह्मचर्ययुतस्यवै ॥ १५ ॥ पिप्पलादउवाच ॥ कायेनमनसावाचानारीणां
परिवर्जनम् ॥ ऋतुसेवांविनास्वस्यब्रह्मचर्यंतदुच्यते ॥ १६ ॥ ऋतुकालाभिगम
नंवंशस्यैवतुकारणम् ॥ नतेषांपापमस्तीतिपुरास्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥ १७ ॥

करते भये छयासी हजार वर्ष बति चुके हैं ॥ १५ ॥ पिप्पलाद बोले ॥ कि कायासों मनसों और वचनसों नारीनको त्यागही है परंतु ऋतुधर्मके विना अपनी स्त्रीमें जो नही गमन करनो है वही ब्रह्मचर्य कहो जाय है ॥ १६ ॥ और ऋतुकालमें गमन करनो वंशके चलनेको कारण है जो या

प्रकार गमन करेहैं उनको दोष नहीं है यह पहले स्वायंभुवने कही है ॥ १७ ॥ उनसों या प्रकार कहिकै महामुनि पिप्पलाद उद्दालकको नमस्कार करि अपने आश्रमको जातभये ॥ १८ ॥ वैशंपायन बोले कि उद्दालक उस वचनको सुनिकै दुःखी हो अपने मनमें विचार करत भये कि

एवमुक्त्वाततस्तंवैपिप्पलादोमहामुनिः ॥ उद्दालकंनमस्कृत्यसमुनिः स्वाश्रमंययौ ॥ १८ ॥ वैशम्पायनउवाच ॥ उद्दालकस्तुतच्छ्रुत्वादुःखसंततमानसः ॥ कयामिकन्यकांकस्माल्लप्स्यामीतिविचिन्तयन् ॥ १९ ॥ पुनरुक्तंतुयास्यामिप्रजापतिनिवेशनम् ॥ सप्रदास्यतिमेभार्यां श्रेष्ठांवंशधरांशुभाम् ॥ २० ॥ प्रस्थितः सचतत्रैवयत्रदेवःप्रजापतिः ॥ प्रजापतिंततोदृष्ट्वाप्रणम्यपुरतः स्थितः ॥ २१ ॥

कहां जाऊँ और कासों कन्या पाऊँ ऐसे चिंता करत भये ॥ १९ ॥ फिरि कहत भये कि, प्रजापतिके स्थानको जातो हौं वे मोको श्रेष्ठ वंश चलावनहारी सुन्दर स्त्री देंगे ॥ २० ॥ और जहाँ प्रजापति देव स्थित हैं वहां जात भये और ता पीछे प्रजा-

पतिको देखि नमस्कार करिकै उनके आगे स्थित होत भये ॥ २१ ॥ पीछे आये भये उन पुरुषनमें श्रेष्ठ उद्दालक मुनिसों परमेष्ठी यह वचन बोलत भये कि, हे मुनिनमें श्रेष्ठ तपोनिधि उद्दालक ! आपको आवनो अच्छो भयो ॥ २२ ॥ और जाके लिये आप यहाँ आये हो वा

तमागतंनरव्याघ्रंपरमेष्ठ्यब्रवीदिदम् ॥ स्वागतंमुनिशार्दूलउद्दालकतपोनिधे ॥ २२ ॥ यदर्थमिहचायातः कारणंतद्ब्रवीहिनः॥प्रजापतिवचःश्रुत्वाऽब्रवीदुद्दालको मुनिः ॥ २३ ॥ संतानार्थमिहायातोभार्यार्थेचप्रजापते ॥ यथास्यान्ममपुत्रश्चकुलीनावशुभावधूः ॥ २४ ॥

कारणको मोसों कहौ तब प्रजापतिके या वचनको सुनिके उद्दालक मुनि बोलत भये ॥ २३ ॥ कि, हे प्रजापति ! संतानके लिये और भार्याके लिये मैं यहाँ आयो हौं जैसे मेरे पुत्र होय और कुलीन सुन्दर वधू मिलै हे प्रजापति महाराज ! आप ऐसो उपाय करिये हे प्रभु ! आप

जगत्के उत्पन्न करनेहारे हो ॥ २४ ॥ ब्रह्मा बोले कि, पहले तुम्हारे पुत्र होयगो ता पीछे भार्या होयगी और तुम्हारे वंशको बढावनहारो पुत्र होयगो ॥ २५ ॥ और सबरे लक्षणसों पूर्ण रघुवंशकी स्त्री मिलैगी वा करिके तुम्हारो वंश बढैगो यह मेरो वचन अन्यथा नहीं होयगो ॥ २६ ॥ हे उद्दालक महामुनि ! आप

तथात्वंकुरुमेतातस्रष्टासिजगतः प्रभो ॥ ब्रह्मोवाच ॥ प्रथमंतवपुत्रोवैपश्चाद्भार्या भविष्यति ॥ २५ ॥ भविष्यतिचतेपुत्रोयोसौवंशाविवर्द्धनः ॥ सर्वलक्षणसंपूर्णारघु वंशस्यसुन्दरी ॥२६॥ तयावर्द्धिष्यतेगोत्रंममवाक्यंनचान्यथा ॥ गच्छत्वमाश्रमे विप्रचोद्दालकमहामुने ॥ २७ ॥ इतिश्रीनासिकेतोपाख्यानेउद्दालकचिन्तानाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

अपने आश्रमको पधारिये ॥ २७ ॥ इति श्रीमत्पंडितपरमसुखतनयपंडितकेशवप्रसादशर्माद्विवेदिकृतायां-नासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वैशंपायन बोले ॥ या वचनको सुनिकै ता पछि उद्दालक मुनि अंतर्धान ह्वै जात भये और अपने आश्रममें आयक मनमें यह चिंतवन करत भये ॥ १ ॥ कि मैंने भार्यासों पहले काहूके पुत्र न देख्यो है सुन्यो न है ब्रह्माने तो झूठीही कही मेरी हांसी कीन्ही है ॥ २ ॥ मेरे कैसे पुत्र

वैशम्पायनउवाच ॥ उद्दालकस्ततोवाक्यंश्रुत्वाप्यंतरधीयत ॥ स्वाश्रमेचागतस्त त्रमनस्येतदचिंतयत् ॥ १ ॥ भार्यायाः प्रथमंपुत्रः श्रुतोदृष्टोनकस्यचित्॥ब्रह्मणा तुमृषैवोक्तंपारिहास्यंकृतंमम ॥ २ ॥ कथंममभवेत्पुत्रः कथंभार्यांलभाम्यहम् ॥ इतिचिन्तयतस्तस्यमन्मथाकुलितस्यच ॥ ३ ॥ उद्दालकस्यचमुनेरेतः प्रस्खलितं तदा ॥ तद्वीर्यंपद्मपुटकेक्षिप्तंयत्नेनवैततः ॥ ४ ॥

होयगो और मैं कैसे भार्या पाऊंगो या प्रकार चिंता करते भये वे उद्दालकमुनि कामसों व्याकुल होत भये ॥ ३ ॥ और वा समय उनको वीर्य स्खलित होते भयो ता पछि मुनीश्वर वा वीर्यको

कि तुम यां दोनाको ले आओ ॥ १२ ॥ वाकी आज्ञाते वे सखी वा कुशानसों लपेटे भये दोनाको लावत भई तब वह राजकन्या वा दोनाको ले वाकी गंधको सूंघत भई ॥ १३ ॥ फिरि चंद्रवतीने वा दोनाको गंगाकी धारमें डारि दीन्हो और वह वीर्य सूंघनेहीसों वाके नाभि-

तदाज्ञयातयानीतंपुटकंदर्भवेष्टितम् ॥ गृहीत्वाराजकन्यासाघ्रात्वासौगन्धिकंचत त् ॥ १३ ॥ क्षिप्तंप्रवाहेगंगायाश्चन्द्रवत्याद्वयापुनः ॥ आघ्रातमात्रंतद्वीर्यंप्रविष्टंना भिमण्डले ॥ १४ ॥ स्नात्वाचप्रस्थितासातुसखीभिः परिवारिता ॥ प्रासादेस्वेच्छ यापूर्वंक्रीडतिस्मयथासुखम् ॥ १५ ॥ अज्ञातगर्भस्तस्यासीच्चन्द्रवत्यास्तथाशृणु ॥ मासेतुप्रथमेतस्यामिलितंशुक्रशोणितम् ॥ १६ ॥

मंडलमें प्रविष्ट होजात भयो ॥ १४ ॥ और वह कन्या सखीन समेत स्नान करिके वहांते चलत भई और अपने महलमें आयके इच्छापूर्वक सुखसों क्रीडा करन लगी ॥ १५ ॥ और विना

जानो भयो गर्भ वा चंद्रवतीके भयो सो सुनौ पहले महीनामें वाका रुधर और वह वीर्य मिलि जात भयो ॥ १६ ॥ और दूसरे महीनेमें वाके रोमनकी पांति दीखन लगी और तीसरे महीनेके आवनेपै वाको शरीर बढन लगो ॥ १७ ॥ और ता पीछे चौथे माहमें

रोमराजितरंगश्चद्वितीयेमासिचाभवत् ॥ तृतीयेमासिसंप्राप्तेशरीरंविपुलायते ॥ १७ ॥ चतुर्थेचततोमासेस्तनंकृष्णमुखंभवेत् ॥ पञ्चमेमासिसंप्राप्तेचोदरंव्यक्तमे वच ॥ १८ ॥ संभूतमुदरंदीर्घमासेषष्ठेचसप्तमे ॥ दृष्ट्वाचाप्युदरंकन्याभ्रष्टतेजास्त दाभवत् ॥ १९ ॥ उद्विग्नमानसाजातापतिताशोकसागरे ॥ रुदतींतांततोभीताःपित्र च्छुःकन्यकाःकिल ॥ २० ॥

वाके स्तननके मुख श्याम रंगके होजातभये और पाँचमें महीनेके आवनेपै पेट दिखाई देन लगो ॥ १८ ॥ छठे तथा सातवें महीनेमें पेटको बढोभयो देख्यो तब वह कन्या तेजसों रहित होजात भई ॥ १९ ॥ उद्विग्न कहिये घबराहटमें है मन जाको ऐसी होजात भई और

शोकसमुद्रमें परिगई तब रोती भई वा चन्द्रवतीसों वे कन्या भयभीत हो पूँछती भई ॥ २० ॥ हे देवी ! तू काहेको रोवै है या रोयवेके कारणको तू यथार्थ कहिदे तब सखीनके या वचनको सुनिकै रोवती भई यह वचन बोली ॥ २१ ॥ हे साखियो ! मैं या अद्भुत दुःखको कैसे कहौं

किमर्थंरोदिषिदेविकथयस्वयथातथम् ॥ सखीनांवचनंश्रुत्वारोदमानाब्रवीदिदम् ॥ २१ ॥ इदमप्यद्भुतंदुःखंप्रवक्ष्यामिकथंसखि ॥ अयुक्तमभवच्चालिरघुवंशस्यदूषणम् ॥ २२ ॥ सगर्भमुदरंपश्यतेनरोदिमिकिंकरि ॥ तस्यास्तद्वचनंश्रुत्वाविह्वलाभवत्तदा ॥ २३ ॥ तदातुकन्यकाःसर्वागताराज्ञीसमीपतः ॥ विज्ञापयंतिकन्याया:कारणंमहदद्भुतम् ॥ २४ ॥

हे साखियो ! रघुवंशको यह अयोग्य दूषण लग्यो ॥ २२ ॥ हे किंकरी ! मैं अपने पेटको गर्भ समेत देखौंहौं ताते रोयरहीहैं वासमय वाके उन वचनको सुनिकै वह किंकरीहू व्याकुल हो जात भई ॥ २३ ॥ तब सब कन्या मिलिकै रानीके समीप जात भईं और चन्द्रवतीकन्याके

अति अद्भुत कारणका कहत भई ॥ २४ ॥ हे रानी ! जो तुम हमको अभयदान करो तो विस्मयमें परी भई हम सब आपकी कन्याको अद्भुत वृत्तांत कहैं ॥ २५ ॥ रानी बोली ॥ कि हमने तुमको अभय दान कीन्हो तुम यथार्थ कहो वा रानीके या वचनको सुनिके वे कहनेको

भोराज्ञिकथयिष्यामः कन्यायावृत्तमद्भुतम् ॥ अभयंचेत्प्रदीयेतन्नूमःसर्वसुविस्मि
ताः ॥ २५ ॥ राइयुवाच ॥ अभयंदत्तमस्माभिः कथयध्वंयथार्थतः ॥ इतितद्वचनं
श्रुत्वातावक्तुमुपचक्रमुः ॥ २६ ॥ कन्याऊचुः ॥ ॥ अत्यद्भुतंमहादेविनभूतंन
श्रुतंक्वचित् ॥ तच्छृणुत्वंविशालाक्षि कन्यायावृत्तमद्भुतम् ॥ २७ ॥ नदेवान
चगंधर्वानासुरानचराक्षसाः ॥ तस्याद्दृष्टिपथेदेविनराणांचैवकाकथा ॥ २८ ॥

आरंभ करत भई ॥ २६ ॥ कन्या बोली ॥ कि हे महादेवी ! यह अतिअद्भुत है न कहूँ ऐसो भयो न कहूँ सुन्यो हे सुन्दरनेत्रवाली ! तुम वा कन्याके अद्भुत वृत्तांतको सुनो ॥ २७ ॥ हे देवी ! वाके दृष्टिमार्गमें न देवता न गंधर्व न असुर और न राक्षस आये हैं और मनुष्यकी

तौ बातही कहां है ॥ २८ ॥ ताहूपे वा कन्याके कुलको दूषण देनहारो गर्भभयो है या प्रकार उन कन्याको अद्भुत वचन सुनिकै ॥ २९ ॥ वह रानी दुःखसों भरिकै मूर्छित हो भूमिमें गिरती भई और कुछ देर पीछे चैतन्य हो उन कन्याको विसर्जन करत भई ॥ ३० ॥ तब रानी

तथापितस्यागर्भोभूद्दुहितुः कुलदूषणम् ॥ इतितासांकुमारीणांश्रुत्वावचनमद्भुतम् ॥ ॥२९॥ साराज्ञीदुःखसंपन्नामूर्च्छितापतिताभुवि ॥ क्षणेनलब्धसंज्ञासाताःकन्याविसर्जह ॥ ३० ॥ राज्ञःसमीपंसागत्वाराज्ञीवचनमब्रवीत् ॥ राज्ञ्युवाच ॥ शृणुष्वेदंमहाराजकन्यावृत्तंमहाद्भुतम् ॥ ३१ ॥ पुंसःसंसर्गहीनायाः कन्यायागर्भसंभवः ॥ कुलस्यदूषणंराजन्यशःकीर्तिविनाशकृत् ॥ रघुस्तद्वचनंश्रुत्वासकंपश्चाभवत्क्षणात् ॥ ३२ ॥

राजाके पास जायके वचन बोलत भई ॥ रानी बोली ॥ कि हे महाराज ! कन्याके महाअद्भुत वृत्तांत सुनिये ॥ ३१ ॥ पुरुषक संसर्गसों रहित कन्याके गर्भका संभव है हे राजा ! यह गर्भ

कुलको दूषण देनहारी और यश तथा कीर्तिको नाश करनहारी है तब रघु रानिके यह वचन सुनेक क्षणमात्र कंपयुक्त होतभयो ॥ ३२ ॥ ता पीछे राजा क्रोधितहोके कहत भयो कि, हाय पापिनी ! तैंने यह कहा कियो ऐसे कहिके लज्जित होके कन्याके त्याग करनेकी आज्ञाको देत भयो ॥ ३३ ॥ तब रोवतीभई

तत क्रुद्धो नृपः पापेहाकन्येकिमिदंकृतम् ॥ इत्युक्त्वाज्ञांददौराजाकन्यात्यागेत्रि लज्जितः ॥ ३३ ॥ रोदमानाचसाकन्याभृत्यैर्नीतावनंप्रति ॥ रथमारोपयित्वा चनिक्षिप्तानिर्जनेवने ॥ ३४ ॥ एकाकिनीवनेतस्मिन्व्याघ्रसिंहनिषेविते ॥ विह्वला भयसंपन्नाकन्याकमललोचना ॥ ३५ ॥

वा कन्याको सेवक रथमें बैठाके वनको लेजात भये और लेके सूने बनमें छोडि देतभये ॥ ३४ ॥ और व्याघ्र सिंहोकरि सेवन करे गये वा वनमें कमलके समान हैं चंचल नेत्र जाके ऐसी अकेली वह कन्या भयसो भीत होके व्याकुल हो जात भई ॥ ३५ ॥

और ऊँचे स्वरसों रोय रोयके ऐसे कहत भई कि, हाय विधाता तुमने यह कहा कियो और झुंडसे बिछडी भई हरिणीके समान चारों दिशानकी ओर देख रही हो ॥ ३६ ॥ इति श्रीमत्पण्डितपरमसुखतनयपंडितकेशवप्रसादशर्माद्विवेदिकृतायां नासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायां चंद्रवतीपरित्यागोनामद्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

रुदंतीतारशब्देनहाविधेकिमिदंकृतम् ॥ वीक्षन्तीचदिशः सर्वा यूथभ्रष्टामृगीयथा ॥ ३६ ॥ इतिश्रीनासिकेतोपाख्यानेचन्द्रवतीपरित्यागोनामद्वितीयोऽध्यायः ॥२॥

ऋषिरुवाच ॥ कश्चित्तत्रसमायातः सत्यधर्मपरोमुनिः ॥ कंदमूलफलाकांक्षीतामयदृष्ट्वातांसुंदरींराजंस्तत्कन्यकाम् ॥ १ ॥ दृष्ट्वातांसुंदरींराजंस्तत्कन्यंश्चाग्रतः स्थितः ॥ दमयंती भवेतिंकस्विच्चित्रलेखातिलोत्तमा ॥ २ ॥

योऽध्यायः ॥ २ ॥ ऋषि बोले ॥ सत्य धर्ममें पर अर्थात् सत्य धर्मही जिनको प्यारो है ऐसे कोई मुनि कंदमूल और फलनकी चाहनासे वहाँ आयतभये और वा कन्याको देखत भये ॥ १ ॥ हे राजन् । वा

सुंदरीका वहाँ देखिकै अपने मनमें तर्कको करते हुए आगे ठाढे होत भये कि यह कहा दमयंती है अथवा चित्रलेखा है अथवा तिलोत्तमा नाम अप्सरा है ॥ २ ॥ उर्वशी है वा मेनका है वा अहल्या है अथवा रोहिणी है वा यक्षिणीहै कि गंधर्वी है, कि किन्नरी है कि, नागकन्या है ॥ ३ ॥ अथवा कोई श्रेष्ठ

उर्वशीमेनकावास्याद्दहल्यारोहिणीभवेत् ॥ यक्षिणीवापिगंधर्वीकिन्नरीनागक न्यका ॥ ३ ॥ राजकन्याथवाश्रेष्ठाचेतिविस्मयमागतः ॥ शोभतेवनमध्येतुवि द्युल्लेखायथाघने ॥ ४ ॥ करौरागेणशोभंतौविधात्रारचितौशुभौ ॥ नाभिश्चदक्षि णावर्तात्रिवलीमध्यसंस्थिता ॥ ५ ॥ अत्यद्भुतंचतद्रूपंदृष्ट्वाप्रोवाचकन्यकाम् ॥ कात्वंकस्यासिरंभोरुकिमर्थंवनमागता ॥ ६ ॥

राजाकी कन्या है ऐसे विस्मयको प्राप्त होत भये यह वनके मध्यमें ऐसे शोभित है जैसे मेघनमें बिजली शोभित होय है ॥ ४ ॥ विधाता करिकै रचेभये याके सुन्दर हाथ लाल रंगसों शोभाय-मान हैं और याकी नाभि दक्षिणावर्त्त त्रिवलीके मध्यमें शोभित है ॥ ५ ॥ वाको अति अद्भुत रूप

देखिकै वा कन्यासों बोलत भये, कि हे रंभोरु ! तू कौन है और कौनकी है वनमें काहेको आई है ॥ ६ ॥ ऋषिको यह वचन सुनिकै वह कन्या बोलत भई हे ऋषि महाराज ! कुलको दूषण लगावनेहारी जो मैं हौं तासों आप काहेको पूछैं हैं न तौ मैं सुरी हौं न गंधर्वी हौं न आसुरी हौं

ऋषेस्तुवचनंश्रुत्वाकन्योवाचऋषिंप्रति ॥ किमर्थंपृच्छसेविप्रमामत्रकुलदूषणाम् ॥
नाहंसुरीनगंधर्वीनासुरीनचकिन्नरी ॥ ७ ॥ रघोस्तुदुहिताचाहंपितामेगर्भदूषणात् ॥
त्यक्तवान्निर्जनेऽरण्येरघुर्मामत्रसुव्रत ॥ ८ ॥ ऋषिरुवाच ॥ अद्यप्रभृतिमेपुत्रीधर्म
तस्त्वंशुभानने ॥ गृहीत्वातांततः कन्यामृषिराश्रममागतः ॥ ९ ॥ अस्मिन्ममाश्र
मेरम्येसुखंतिष्ठनृपात्मजे ॥ उदरंववृधेतस्यागर्भोसौदिवसैः क्रमात् ॥ १० ॥

और न किन्नरी हौं ॥ ७ ॥ मैं रघुराजाकी पुत्री हौं मेरे पिताने मोको गर्भके दूषणसों या शून्य वनमें त्याग कियो है ॥ ८ ॥ ऋषि बोले ॥ हे सुंदर मुखवाली ! आजसों लगाके तू मेरी धर्मकी पुत्री है ता पीछे वा कन्याको लेकै ऋषि अपने आश्रमको आवत भये ॥ ९ ॥ और ऐसे

कहत भये कि, हे राजाकी पुत्री ! तू या मेरे आश्रममें सुखसों वास कर और दिननके बीतने पै क्रमसों वाके उरदमें गर्भ वृद्धिको प्राप्त होतभयो ॥ १० ॥ और नवमें महीनामें वाके प्रसूति भई और नासिकाके अग्रमे होकै वा कन्याके सब लक्षणनकरियुक्त पुरुष उत्पन्न होतभयो ॥ ११ ॥ ज्ञानवान् तथा

मासेतुनवमेतस्याः प्रसूतिरभवन्नृप ॥ नासाग्रेणतुकन्यायाः पुरुषःसर्वलक्षणः ॥ ॥ ११ ॥ ज्ञानवान्बुद्धिसंपन्नो बालोसौविनयान्वितः ॥ एतादृशंपालयंतीदुःखा र्तासमवर्तत ॥ एकदारण्यमध्येतंरुदंतंसानृपात्मजा ॥ १२ ॥ किमर्थंरोदिषित्वंमे पापसम्पर्ककारक ॥ त्वदीयकारणेपुत्रह्यवस्थेयंममेदृशी ॥ १३॥

बुद्धि और विनय करिकै युक्त वा बालकको पालती भई वह चंद्रवती दुःखित होती भई तब वह राजपुत्री वनके मध्यमें रोवते भये वा बालकको कहत भई ॥ १२ ॥ कि मोको पाप लगावनहारो तू काहेको रोवे है हे पुत्र ! तेरेही कारणसों मेरी यह दशा भई है ॥ १३ ॥

॥ वैशम्पायनउवाच ॥ तथासंवत्सरेपूर्णेमंजूषांतत्रकारिताम् ॥ १४ ॥ तदाभ्यंतर
तः पुत्रंयत्नेनपरीवेष्टितम् ॥ कृत्वातत्रवनोद्देशेगंगामध्येविनिक्षिपत् ॥ १५ ॥ तथा
वाक्यंचकथितंपुत्रस्याग्रेतुकन्यया ॥ नजानामिकथंचिद्वैकुतस्तेगर्भसंभवः ॥ १६ ॥
येनतेगर्भसंभूतिर्येनजातोसिपुत्रक ॥ तेनत्वंमिलयेः सम्यगयद्यहंदोषवर्जिता ॥ १७ ॥
वैशंपायनउवाच ॥ गतोप्रवाहेगङ्गायातस्कन्यासुतस्तदा ॥ आगतश्चनदी
तीरेयत्रतप्यंतिवाडवाः ॥ १८ ॥

॥ वैशम्पायनउवाच ॥ तथासंवत्सरेपूर्णेमंजूषांतत्रकारिताम् ॥ १४ ॥ तदाभ्यंतर
तः पुत्रंयत्नेनपरीवेष्टितम् ॥ कृत्वातत्रवनोद्देशेगंगामध्येविनिक्षिपत् ॥ १५ ॥ तथा
वाक्यंचकथितंपुत्रस्याग्रेतुकन्यया ॥ नजानामिकथंचिद्वैकुतस्तेगर्भसंभवः ॥ १६ ॥
येनतेगर्भसंभूतिर्येनजातोसिपुत्रक ॥ तेनत्वंमिलयेः सम्यगयद्यहंदोषवर्जिता ॥ १७ ॥
वैशंपायनउवाच ॥ गतोप्रवाहेगङ्गायातस्कन्यासुतस्तदा ॥ आगतश्चनदी
तीरेयत्रतप्यंतिवाडवाः ॥ १८ ॥

वैशंपायन बोले ॥ कि एक वर्ष पूरो होनेपै वा कन्याने एक मंजूषा बनवाई ॥ १४ ॥ और जतनसों लपेटे भये वा पुत्रको वा मंजूषामें स्थापित करिकै वा वनमें गंगाकी धारमें डारि देतभई ॥ १५ ॥ और वा कन्याने पुत्रके आगे यह वचन कह्यो कि, मैं नहीं जानों हौं कि तेरे या गर्भकी उत्पत्ति कहांते भई ॥ १६ ॥ ताते हे पुत्र ! तू जाते उत्पन्न भयो है तासों तोको मिलाऊं हौं जो मैं सत्यही दोष करिकै वर्जित हौं ॥ १७ ॥ वैशंपायन बोले ॥ वा समय वह कन्याको पुत्र गंगाकी धारमें बहतो भयो जहां

ब्राह्मण तप करि रहे हैं वहाँ किनारेसों लगि जातभयो ॥ १८ ॥ उन ब्राह्मणके मध्यमें बडे योगी उद्दालक मुनि गंगाकी धारमे आई भई वा मंजूषाको देखत भये ॥ १९ ॥ वा बड़ी मंजूषामें शुभ हैं लक्षण जाके ऐसे और जैसो पहले कबहूं नही देखो ऐसे सुंदर पुत्रको देखिकै विस्मयको प्राप्त होतभये ॥ २० ॥ तब

तेषांमध्येमहायोगीमुनिरुद्दालकस्तथा ॥ आगतंतंप्रवाहेणददर्शमुनिपुङ्गवः॥ १९॥
मञ्जूषायांचविन्यस्तंबालकंशुभलक्षणम् ॥ सुंदरादृष्टपूर्वंतुदृष्ट्वाविस्मयमागतः ॥
॥ २० ॥ ध्यानेनज्ञातवान् सर्वंस्ववीर्यंप्रभवंसुतम् ॥ ज्ञात्वाथस्वाश्रमेबालं वास
यामासलालयन् ॥ २१ ॥

ध्यान करिके अपने वीर्यसों उत्पन्न भये पुत्रको जानत भये और जानिकै वा बालकको प्यारसों अपने आश्रममें राखत भये ॥ २१ ॥

और वह बालक उद्दालक मुनिको पिता ऐसे कहतो और वहांही अति सुन्दर आश्रममें आनन्दसों सदा रमण करतो ॥ २२ ॥ इति श्रीमत्पण्डितपरमसुखतनयपण्डितकेशवप्रसादशर्म-द्विवेदिकृतायांनासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायांपितुः पुत्रोपस्पर्शनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

पितेतिवदतेबालोमुनिमुद्दालकंप्रति ॥ तत्रैवरमतेनित्यमाश्रमेचातिशोभने ॥२२॥
इति श्रीनासिकेतोपाख्याने पितुः पुत्रोपस्पर्शनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥
वैशम्पायनउवाच ॥ रघुवंशोद्भवाकन्यारुदन्तीशोकविह्वला ॥ पुत्रशोकेनसंतप्ता
गङ्गातीरेसमागता ॥ १ ॥ वीक्षन्तीच ततः पुत्रं क्रंदतीशोकविह्वला ॥ रुदन्तीसान
दीतीरेप्रयाताव्रतचारिणी ॥ २ ॥

वैशंपायन बोले ॥ रघुवंशमें उत्पन्न कन्या पुत्रके शोकसों व्याकुल हो रोती भई गंगाके तीरमें आयत भई ॥ १ ॥ ता पीछे पुत्रको देखती और पुकारती शोकमें व्याकुल हो वह व्रत करनहारी

रोवती भई गंगाके तीरमें जात भई ॥ २ ॥ वाने वहां गंगाके तीरमें सुन्दर आश्रम यो और वा आश्रममें खेलते भये वा पुत्रको देखत भई ॥ ३ ॥ वा आश्रममें वाके मित्र जे बालक हैं उनके साथमें खेलते भये वा बालकसों मृगके बच्चेकसे हैं नेत्र जाके और प्रसन्न है मुख जाको ऐसी वह कन्या पूछत

दृष्ट्वैवाश्रमोरम्योगङ्गातीरेसुशोभनः ॥ पश्यतिस्मसुतंतत्रक्रीडमानंतमाश्रमे ॥ ३ ॥ वयस्यैर्बालकैःसार्धंक्रीडमानंतमाश्रमे ॥ पप्रच्छमृगशावाक्षीबालकंसु दितानना ॥४॥ कस्त्वदीयःपितापुत्रकस्थायंचाश्रमःशुभः ॥ किंनामतस्य विप्रस्य पृच्छाम्येतद्वदस्वमे ॥ हर्षितंमेमनोभूरिदर्शनात्तवपुत्रक ॥ ५ ॥

भई ॥ ४ ॥ कि हे पुत्र ! तुम्हारो पिता कौन है और यह शुभ आश्रम कौनको है और जिनको यह आश्रम है उन मुनीश्वरको कहा नाम है यह मैं पूँछो हौं सो तुम मोसों कहौ हे पुत्रक ! तुम्हारे देखनेसों मेरो

को सुनिकै पुत्र पितासों फिरिके बोलत भयो ॥ १४ ॥ हे पिता ! काम करिकै पीछे गंगास्नान-
को गई है तब मुनीश्वर बटालक प्रसन्न होके अग्निहोत्र करत भये ॥ १५ ॥ देवकार्य
और पितृकार्य करिकै पुत्रसों बोलत भये कि, हे पुत्र ! तुम मोको अपनी माताको दिखाओ ॥

कृत्वाकर्मततस्तातगङ्गास्नानार्थिनीगता ॥ संहृष्टोसाद्यषिस्तस्मिन्नग्निहोत्रंचका
रह ॥ १५ ॥ सकृत्वादेवकार्यंचपितृकार्यंतथैवच ॥ उवाचैनंवतःपुत्रमातरंदर्श
यस्वमे ॥ १६ ॥ पुत्र उवाच ॥ आगच्छस्वाश्रमंमातराहारंतेददाम्यहम् ॥ पिताचै
वाश्रमंप्राप्तस्तिष्ठमातर्यथेच्छया ॥ १७ ॥ मातोवाच ॥ अयुक्तंतेवचः पुत्रश्रुतं
वैरोमहर्षणम् ॥ अधर्मयुक्तंवाक्यंतेनप्रशंसंतिधर्मवित् ॥ १८ ॥

॥ १६ ॥ पुत्र बोल्यो ॥ हे माता ! अपने आश्रमको आओ तुमको मैं भोजन देउँ पिताहु आश्रममें
आय गये हैं हे माता ! अपनी इच्छापूर्वक रहो ॥ १७ ॥ माता बोली ॥ हे पुत्र ! तेरो वचन अयोग्य

है और श्रवण करनेसों निश्चय रोमांच करावनहारे है और अधर्मयुक्त या तुम्हारे वचनकी धर्मके जाननेहारे प्रशंसा नहीं करैं हैं ॥ १८ ॥ पिता अथवा भ्राता अथवा माता वा मामा लोकमें कन्या देतेहैं और पुत्र माताका लोकमें दान नहीं करैं हैं ॥ १९ ॥ हे पुत्र ! ताहूपै तुम जा स्थानमें

पितावाप्यथवाभ्रातामातावाप्यथमातुलः ॥ ददातिकन्यकांलोकेनपुत्रोमातरंददे
तु ॥ १९ ॥ तथापितत्रगच्छत्वंयत्रपूर्वंचतिष्ठति ॥ २० ॥ ततोनिवृत्तः संहृष्टस्तत्रैव
चवराश्रमे ॥ गतोसौपितृपार्श्वंतुमात्राप्रोक्तंतदब्रवीत् ॥ २१ ॥ एषामदीयाजननीपि
तात्वमृषिपुङ्गव ॥ उद्दालकउवाच ॥ युक्तंसावदतेवाक्यंपुत्रमेनिश्चयंशृणु ॥ २२ ॥

पहले हे वहांई जाओ ॥ २० ॥ ता पीछे वह बालक प्रसन्न होकै वाही श्रेष्ठ आश्रमको लौटकरि आवत भयो और पिताके समीप जात भयो और माताको कह्यो भयो वचन पितासों कहत भयो ॥ २१ ॥ यह मेरी माताहै और हे ऋषिनमें श्रेष्ठ ! आप मेरे पिता हैं ॥ उद्दालक बोले ॥ वह

तुम्हारी माता योग्य वचन कहैहै हे पुत्र मेरो निश्चय सुनो ॥ २२ ॥ हे पुत्र ! तुम मातासों पूछो कि, तू कौनके वंशमें उत्पन्न है और मैं तेरो पुत्र कैसे भयो हौं और कैसे यहां आगमन कियो है ॥ २३ ॥ ऐसे न्यायपूर्वक कहो और सब यथार्थ पूँछो तब वह बालक पिताको वचन

मातरंपृच्छपुत्रत्वंकस्यवंशेसमुद्भवा ॥ पुत्रोहंतेकथंजातःकथमागमनंकृतम् ॥२३॥
एवंवदयथान्याय्यंसर्वंपृच्छयथार्थतः ॥ सपितुर्वचनंश्रुत्वागत्वापप्रच्छमातरम् ॥
॥ २४ ॥ कथयस्वाम्बिकेसत्यंपितात्वांपृच्छतेऽधुना॥ कस्यवंशेसमुत्पन्नाकथंपुत्रो
ह्यहंतव ॥ २५ ॥ कथमागमनंह्यत्रसत्यंब्रूहियथाविधि ॥ मातोवाच ॥ सत्यंशृणु
महाप्राज्ञयन्मांत्वंपरिपृच्छसि ॥ २६ ॥

सुनिकै मातासों पूछत भयो ॥ २४ ॥ हे माता ! तू सत्य कह या समय पिता तोसों पूछे हैं कि तू कौनके वंशमें उत्पन्न है और मैं तेरो पुत्र कैसे हौं ॥ २५ ॥ और यहां तेरो आवनो कैसे भयो सो सब तू विधिपूर्वक सत्य कह ॥ माता बोली ॥ कि, हे महाप्राज्ञ ! जो तू मोसों

पूछै है वाहि सत्य सुन ॥ २६ ॥ पहिले कर्मके अनुयोगसों जो विचेष्टित भयो है वाहि मैं न्यायपूर्वक कहौंहौं एकाग्रमन होके सुन ॥ २७ ॥ तीनों लोकनमें विख्यात रघुनामसों प्रसिद्ध राजा होत भयो ताके वंशमें मैं पार्वतीके समान पुत्री उत्पन्न भई हौं ॥ २८ ॥ धवल घरमें अर्थात्

पूर्वकर्मानुयोगेनयत्तुजातंविचेष्टितम् ॥ कथयामियथान्यायंशृणुष्वैकाग्रमान
सः ॥ २७ ॥ रघुर्नाम्नेतिविख्यातोराजात्रैलोक्यविश्रुतः ॥ तस्यवंशेसमुत्पन्नापुत्री
गिरिसुतायथा ॥ २८ ॥ धवलागारसंस्थाहंसखीभिः परिवेष्टिता ॥ कन्यादशसहस्रे
णरममाणासुखेनया ॥ २९ ॥ ऋतौवसन्तेसंप्राप्तेगङ्गातीरेसुपुष्पिते ॥ विज्ञापितास
खीभिश्चगङ्गास्नानार्थिनीगता ॥ ३० ॥

महलमें स्थित मैं दश हजार कन्यासों वेष्टित आनन्दसों विहार करती थी ॥ २९ ॥ एक बार वसन्त ऋतुके आनेपै सुन्दर फूलनसे शोभायमान गंगाके तटमें सखिनकरिकै प्रार्थना करी

गई मैं गङ्गास्नानको जातभई ॥ ॥ ३० ॥ वहां स्नान करती भई मैंने जलके ऊपर बहतो कुशानसों लपेट्यो भयो कमलके पातनको दोना देख्यो ॥ ३१ ॥ मैंने सखिनसों लेके वा दोनाको सूंघ्यो यामें वामेंते वीर्य मेरी नासिकामें चलो जात भयो ॥ ३२ ॥ हे विप्र ! तासों मेरे गर्भ होजात भयो यामें

तत्रस्नानंप्रकुर्वत्यामयादृष्टंजलोपरि ॥ संतरद्भेष्टितंदर्भैःपुटकंकमलस्यहि ॥ ३१ ॥
तद्गृहीत्वासखहिस्तादाघ्रातकंमलंमया ॥ तस्याभ्यंतरतोवीर्यंनासाभ्यंतरतोगतम् ॥ ३२ ॥ संभूतश्चततोविप्रममगर्भोनसंशयः ॥ सखीभिर्ज्ञापितोराजाकोपाविष्टस्ततोरघुः ॥ ३३ ॥ अज्ञातगर्भांमांतातोवनेत्यजनिर्जने ॥ रुदंतीसाह्यहंदृष्टा मुनिनातु फलार्थिना ॥ ३४ ॥

सन्देह नहीं है ता पीछे सखिनकरि जतायो गयो वह रघुराजा बहुतही क्रोधित होत भयो ॥ ३३ ॥ ता पीछे नहीं जानो है गर्भ जाने ऐसी मोको सूने वनमें पिताने छाड़ दियो तब रोवती मोको

फलनके लेवेको आये भये एक मुनि देखत भये ॥ ३४ ॥ और मेरे ऊपर दया करिके मोको अपने आश्रममें लावत भये तब उन मुनिके आश्रममें हे पुत्र ! तुम उत्पन्न भये ॥ ३५ ॥ जाते तुम मेरे बालक नासिकाते उत्पन्न भये ताते उन महात्माने नासिकेत यह नाम राख्यो ॥ ३६ ॥

ममोपरिकृपांकृत्वाह्यानीतास्वाश्रमंप्रति ॥ प्रसूताचाश्रमेतस्यभवाञ्जातोसिपुत्रक ॥ ३५ ॥ नासिकातःसमुत्पन्नोयतस्त्वंममबालकः ॥ नासिकेतेतितेज्ञात्वानामप्रोक्तंमहात्मना ॥ ३६ ॥ ततःसंस्थाप्यपेटायांनिक्षिप्तस्त्वंमयाजले ॥ पुनर्वियोगदुःखार्तावीक्षतीत्वांसमागता ॥ ३७ ॥ एतदेवमयाप्रोक्तमात्मीयस्थितिकारणम् ॥ ततोगत्वापितुः पार्श्वेनासिकेतोन्यवदेयत् ॥ ३८ ॥

ता पीछे मैंने तुमको मंजूषामें धारिकै गङ्गाके जलमें छोड़ि दियो फिर तुम्हारे बिछुडनेसे दुःखी हो तुमको ढूंढतीभई यहां आई हौं ॥ ३७ ॥ यही मैंने अपनी स्थितिको कारण कह्यो ता पीछे नासि-

कृत पिताके समीप जायकै सब वृत्तांत कहतो भयो ॥ ३८ ॥ हे तात ! मेरी माताने जो न्यायके अनुसार कह्योहै ताहि सुनो रघुराजकी पुत्री मैं गङ्गास्नानके लिये आई ॥ ३९ ॥ कुशानसों लिपट्यो आये भये वा कमलके दोनाको और वामें धरभये वीर्यको देखि यह कहाहै ऐसे कहत

शृणुतातयथान्याय्यंमात्रात्वाभिहितंमम ॥ रघोराज्ञस्तुदुहितागङ्गास्नानार्थमाग
ता ॥ ३९ ॥ आगतंपद्मपुटकंदर्भेणपरिवेष्टितम् ॥ दृष्ट्वापद्मगतंवीर्यंकिमेतादितिचाब्र
वीत् ॥ ४० ॥ ततःसातत्समाघ्रायजलेचैवव्यसर्जयत् ॥ तस्मिन्नेवाघ्रातमात्रेजातं
गर्भस्यधारणम् ॥ ४१ ॥ तच्छ्रुत्वाक्रोधमापन्नोराजारघुरुदारधीः ॥ तत्याजकन्यकां
चैववनेसिंहादिसेवते ॥ ४२ ॥

भई ॥ ४० ॥ ता पीछे वह वाहि सूँघिके जलमें छोड़ि देत भई वाके सूँघनेहीसों गर्भको धारण भयो ॥ ४१ ॥ सो सुनिकै उदारबुद्धि राजा रघु क्रोधित हो सिंह आदिकन करि सेवन करे गये

वनमें कन्याको छोडि देत भये ॥ ४२ ॥ याप्रकार अपनो सब वृत्तांत नासिकेतने कह्यो वाको वह वचन सुनिकै ऋषि विस्मयको प्राप्त होत भये ॥ ४३ ॥ और कहत भये कि, हे प्रजापति ! तुम्हारे वचन सत्य भयो ऐसे कहिकै वे मुनि फिर वा पुत्रसों बोलत भये ॥ ४४ ॥ कि हे पुत्र ! तुम

एवंसर्वंस्ववृत्तांतंनासिकेतेनभाषितम् ॥ तस्यतद्वचनंश्रुत्वाऋषिर्विस्मयमागतः ॥ ॥ ४३ ॥ अहोप्रजापतेसत्यंसंभूतंवचनंतव ॥ इत्युक्त्वास्वगतंविप्रःपुनःपुत्रंसचाब्रवीत् ॥ ४४ ॥ तिष्ठपुत्रत्वमत्रैवमात्रासहतपोवने ॥ तस्याश्चार्थेगमिष्यामिरघोराज्ञश्चवेश्मनि ॥ ४५ ॥ एवमुक्त्वाततोविप्रःकन्यार्थेसमगच्छत ॥ क्रमेणैवततःप्राप्तः शुभंचरघुमंदिरम् ॥ ४६ ॥

अपनी मातासमेत इहां तपोवनमें रहो और वा तुम्हारी माताके लिये मैं रघुराजाके घर जाउँगो ॥ ४५ ॥ ऐसे कहिकै वह विप्र कन्याकी चाहनासों चलत भयो तापीछे क्रमसों सुन्दर रघुके मंदिरमें प्राप्त होत

भयो ॥ ४६ ॥ वह राजा रघु जलते भये अग्निके समान आवते भये ब्राह्मणको देखि आसनते उठिके अर्घ्यपाद्य आदिसों उनका पूजन करत भये ॥ ४७ ॥ राजा रघु उनकी प्रदक्षिणा करिके मधुपर्कसों पूजन करत भये फिर सुखसों बैठेभये उन मुनीश्वरसों वचन बोलत भये ॥ ४८ ॥

सदृङ्गाविप्रमायान्तंज्वलन्तमिवपावकम् ॥ उत्थायचार्घ्यपाद्याद्यैरर्चयच्चासनाद्र घुः ॥ ४७ ॥ कृत्वाप्रदक्षिणंचैवमधुपर्केणचार्चयत् ॥ सुखासीनंचविप्रार्षिंरघुर्वचन मब्रवीत् ॥ ४८ ॥ अद्यमेसफलंजन्मह्यद्यमेसफलाः क्रिया ॥ अद्यमेसफलंदानंय ज्जातंतवदर्शनम् ॥ ४९ ॥ गवांशतसहस्रंमेहेमकोटिशतानिच ॥ तुरंगमादिस र्वंमेराज्यंतुभ्यंनिवेदितम् ॥ ५० ॥

आज मेरो जन्म सफल भयो और आज मेरी क्रिया सफल भई और आज मेरो दान सफल भयो जो आपको दर्शन भयो ॥ ४९ ॥ शत सहस्र कहिये एक लाख गौ और सौ करोड सुवर्ण और

घोडों आदि समेत सब राज्य आपको मैंने निवेदन कियो अर्थात् सब आपको भेंट कियो ॥ ५० ॥ उद्दालक बोले ॥ मैं घोडे आदि और सुवर्णके सौ करोड तथा राज्य नही चाहौंहौं एक कन्या मैं मांगों हौं ॥ ५१ ॥ रघु बोले ॥ कि हे विप्र ! मैं तुमको राज्य देऊँहौं कन्या मेरे नही है पहले

उद्दालकउवाच ॥ ॥ नाहन्तुरङ्गमादीनिहेमकोटिशतानिच ॥ राज्यंनेच्छामिराजेन्द्रकन्यामेकामहंवृणे॥५१॥ ॥रघुरुवाच ॥ ॥ राज्यंददामितेविप्रकन्याममनविद्यते ॥ कन्यैकामेपुराह्यासीत्सामृतामुनिसत्तम ॥५२॥ उद्दालकउवाच ॥ नसामृतातुकन्यातेममतिष्ठतिचाश्रमे॥मह्यंतांदेहिराजेन्द्रसत्यधर्मपरायण॥५३॥रघुरुवाच॥ आश्रमेतुकथंकन्यात्वदीयेविप्रतिष्ठति॥ कौतूहलमिदंमन्येकथयस्वयथार्थतः॥५४॥

मेरे एक कन्या थी हे मुनिश्रेष्ठ ! वह मरिगई ॥ ५२ ॥ उद्दालक बोले ॥ वह तुम्हारी कन्या मरी नहीं है मेरे आश्रममें स्थित है हे सत्यधर्ममें तत्पर राजा ! तुम वा कन्याको हमें दान करो ॥ ५३ ॥ रघु बोले ॥ हे विप्र ! वह कन्या आपके आश्रममें कैसे स्थित है मैं याको बडो

कौतूहल मानो हौं हे विप्र ! यथार्थ कहौ ॥ ५४ ॥ ऋषि बोले ॥ पहले प्रजापतिने मेरे लिये जो वचन कहो हो वह देवके संयोगसों पूरो भयो और वाको सुर तथा असुरहू निवारण नहीं करिसके हैं ॥ ५५ ॥ मैं वंशकी स्थितिके लिये पद्मभू जे ब्रह्मा हैं तिनके समीप गयो हो वहां

ऋषिरुवाच ॥ ॥ प्रजानांपतिनावाक्यंपुरायन्मेनियोजितम् ॥ निर्मितंदैवसंयोगा
दुर्वारंतत्सुरासुरैः ॥ ५५ ॥ वंशस्थितेःकारणायगतोहंयत्रपद्मभूः ॥ गत्वातत्रमया
राजन्भार्यावंशविवर्द्धिनी ॥५६ ॥ प्रार्थितराजशार्दूलसूर्यवंशसमुद्भवा ॥ तेनोक्तं
प्रथमंपुत्रः पश्चाद्भार्याभविष्यति ॥ ५७ ॥ तवभार्याचविप्रेन्द्ररघुवंशसमुद्भवा ॥
एवमुक्त्वाततोब्रह्माक्षणेनांतरधीयत ॥ ५८ ॥

जायकै हे राजा ! मैंने वंशकी बढावनहारी भार्या मांगी ॥ ५६ ॥ हे राजानमें श्रेष्ठ ! तब ब्रह्माने मोसों कह्यो कि, पहले तुम्हारे पुत्र होयगो और पीछे सूर्यके वंशमें उत्पन्न भार्या होयगी ॥ ५७ ॥ हे विप्रेन्द्र ! सूर्यवंशमें उत्पन्न तुम्हारी भार्या होयगी ऐसे कहिकै ब्रह्मा वहांई अंतर्धान हो जात

भयो ॥ ५८ ॥ हे राजा ! ता पीछे चिंतायुक्त होकै मैं आश्रममें आवत भयो कि मेरे पहले पुत्र कैसे होयगो और पीछे भार्या होयगी ॥ ५९ ॥ वनमें तप करत भयो जो मैं हौं ताके वीर्यको त्याग भयो ॥ ६० ॥ वह वीर्य मैंने कमलके दोनामें यत्नसों स्थापित कियो फिर वाको कुशा-

ततोहमाश्रमेराजन्नागताश्चिंतयान्वितः ॥ कथंमेप्रथमंपुत्रोभार्यापश्चाद्भविष्यति ॥ ॥ ५९ ॥ तप्यमानेचतपसिरेतस्स्कन्नंबभूवह ॥६०॥ तन्मयापद्मपुटकेवीर्यंक्षिप्तंप्रयत्नतः ॥ कुशैश्चवेष्टयित्वातुगङ्गामध्येविसर्जितम् ॥ ६१ ॥ ततस्तेकन्यकाराजन्गङ्गास्नानार्थमागता ॥ तदाघ्रायच्युतंसम्यग्गङ्गामध्येसमागतम् ॥६२॥ तेनैवगर्भसम्भूतिर्ममवीर्यान्नसंशयः ॥ नासाग्रेणतुनिष्क्रान्तोनासिकेतइतिश्रुतः॥ ६३ ॥

सनसों लपेटिकै गङ्गाके मध्यमें छोडदियो ॥ ६१ ॥ हे राजन् ! ता पीछे वह कन्या गंगास्नानको आवत भई तब गंगामें आये भये वीर्यको सूँघत भई ॥ ६२ ॥ वाही मेरे वीर्यसों गर्भकी उत्पत्ति भई यामें संदेह नहीं है नासिकेत नामसों प्रसिद्ध यह पुत्र नासिकाके अग्रमें होके निकरयो

है याहीते याको नासिकेत नाम भयो है ॥ ६३ ॥ वैशंपायन बोले ॥ ता पीछे बडे विस्मयको प्राप्त हो वह रघुराजा रनवासमें जात भयो ता पीछे राजा उस वृत्तांतको रानीसों कहत भयो ॥ ६४ ॥ फिर राजा सभामें आयकै मुनिसों वचन बोलत भयो ॥ रघु बोले ॥ कि, हे विप्र ! मैं तुमको

वैशम्पायनउवाच॥ ततोविस्मयमापन्नोरघुरंतःपुरेऽव्रजत् ॥ तद्वृत्तान्तंततोराजा स्वमहिष्यैन्यवेदयत्॥६४॥राजासभांसमागत्यमुनिंवचनमब्रवीत् ॥ रघुरुवाच ॥ कन्यांददामितेविप्रशृणुमेपरमंवचः ॥ ६५ ॥ रथेशुभतरेरम्येस्थित्वागच्छस्वमाश्रमम् ॥ ममानुजीविभिर्युक्तासानयस्वसुतांमम ॥ ६६ ॥ एवमुक्तस्ततस्तेनतथेवहिचकारसः ॥ आनीताचतदाकन्यासपुत्रारथसंस्थिता ॥ ६७ ॥

कन्या देता हौं मेरो परम वचन सुनो ॥ ६५ ॥ बहुत अच्छे सुंदर रथमें बैठिकै अपने आश्रमको आप जांय और मेरे नौकरन समेत मेरी बेटीको ले आओ ॥ ६६ ॥ वा राजा कारि ऐसे कहे गये वे

ऋषि वैसाही करत भये वा समय पुत्रसमेत रथमें बैठायकै वा कन्याको लावत भये॥ ६७ ॥
तब राजाने प्रसन्न हो भक्तिकी बढावनहारी ऐसी जो वह कन्या है ताको दान कियो ता पीछे
व्याह करिकै राजाने पुत्रहू उनके अर्थ निवेदन कियो ॥ ६८ ॥ और दास दासी मोतीनके गहने

दत्ताकन्यातदाराज्ञाप्रोत्फुल्लाभक्तिवर्द्धिनी ॥ विवाह्यचततोराज्ञापुत्रैस्तस्मैनि
वेदितः ॥ ६८ ॥ दासान्दासीर्धनंधान्यंमुक्ताभरणकुण्डले ॥ हारग्रैवैयकेयूरान्ना
नामाणिक्यसंयुतान् ॥ ६९ ॥ रथान्गजान्हयान्वस्त्रमहिषीगोधनानिच राजा
रघुरदात्सर्वदुहित्रेस्नेहसंयुतः ॥ ७० ॥ ॥ वैशम्पायनउवाच ॥ ततोव्रजन्वनंवि
प्रोराजानंविनयान्वितम् ॥ धनंनानाविधंदृष्ट्वामुनिर्वचनमब्रवीत् ॥ ७१ ॥

और कुण्डल तथा हार गुलूबन्द और बाजूबंद जिनमें नानाप्रकारकी मणी जडी भई हैं ये सब उन
ऋषिको देतभये ॥६९॥ और रथ, हाथी घोडे वस्त्र भैंसें और गऊनके समूह इन सब वस्तुनको
राजा रघु अति प्रीति युक्त हो वा चन्द्रवती कन्याको देत भये ॥ ७० ॥ वैशंपायन बोले ॥ ता पीछे

वनको जाते भये वे उद्दालक द्विज नानाप्रकारके धन देखिकै नम्रतायुक्त जो राजा है तासों वचन बोलत भये ॥ ७१ ॥ हे सुव्रत राजा ! या बहूतसे धनको मैं कहा करौं यह सब भांति आपहीके घरमें रहै ॥ ७२ ॥ ऐसे कहिकै सब राज्य राजाको देके तपोवनको जात भये और स्त्रीपुत्र

किंकरोम्यहमेतेनधनेनाविपुलेनच ॥ तवैवसर्वथाराजन्गृहेतिष्ठतुसुव्रत ॥ ७२ ॥
इत्युक्त्वाराज्यमखिलंप्रतार्यागात्तपोवनम् ॥ प्रविष्टःस्वाश्रमेविप्रःसपुत्रः सकलत्र
कः ॥ ७३ ॥ रेमेतयाचन्द्रवत्याततउद्दालकोमुनिः ॥ नासिकेतःसुतोभक्तोगङ्गातो
रेसुखान्वितः ॥ ७४ ॥ विजहारमुदायुक्तोवयस्यैर्बालकैर्वृतः ॥ एकदातंनिजंपुत्रं
शशापचापितारुषा ॥ ततःसंयमनींगत्वातथैवपुनराययौ ॥ ७५ ॥

समेत अपने आश्रममें प्रवेश करत भये ॥ ७३ ॥ ता पीछे उद्दालक मुनि वा चंद्रवतीके साथ विहार करत भये और बडो भक्त नासिकेतनाम पुत्र गंगाके तीरमें सुखसों रहत भयो ॥ ७४ ॥ और मित्र जे बालक हैं तिनके साथमें आनंदसों विहार करत भयो एकबार क्रोध करिके

पिता वा अपने पुत्रको शाप देत भये ता पीछे संयमनी जो यमराजकी पुरी है तामें जायके वैसेही फिर वह आवत भयो ॥ ७५ ॥ पुराण स्थित रम्य और पवित्र इस इतिहास कथाको कहै और जो सुने वह सब पापनते छूटि जाय ॥ ७६ ॥ इति श्रीमत्पंडितपरमसुखतनयपंडितकेशव

इतिहासकथांरम्यांपुण्यांपौराणिकींशुभाम् ॥ कथयेच्छृणुयाद्यश्चसर्वपापैःप्रमुच्यते ॥७६॥ इतिश्रीनासिकेतोपाख्यानेचन्द्रवतीविवाहवर्णनंनामचतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

जनमेजयउवाच॥ एतत्पृच्छाम्यहंविप्रसंशयंमेह्यपानुद ॥दुर्लभंपुत्रनामापिमनुष्याणांतपोनिधे ॥ १ ॥ किमर्थंदत्तवान्शापंपुत्रमुद्दिश्यसुव्रत ॥ कथंयमपुरींप्राप्तःकथंचागतवान्पुनः ॥ २ ॥

प्रसादशर्म्मद्विवेदिकृतायांनासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायां चंद्रवतीविवाहोनाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

॥ जनमेजय बोले ॥ हे विप्र । मैं तुमसों यह पूछोंहों आप मेरे संदेहको दूरि करो हे तपोनिधि । लोकमें पुत्रको नामहू मनुष्यनको दुर्लभ है ॥ १ ॥ हे सुव्रत । उद्दालक ऋषि काहेके

लिये पुत्रको शाप देतभये और वह कैसे यमकी पुरीको गयो और फिर कैसे आय गयो ॥ २ ॥ वैशंपायन बोले ॥ हे राजन्! पहलेको वृत्तांत जैसे शाप दियो गयो और जैसे प्रसन्न नासिकेत पिता करिकै यमके लोकको पठाये गये ॥ ३ ॥ और फिर कर आगये सो सब तुमसों कहोंगो

शृणुराजन्पुरावृत्तंयथाशापोनियोजितः ॥ पित्रावैप्रेषितोगत्वाहर्षितोयमसादने ॥ ३ ॥ आगतःपुनरेवाथतत्सर्वंकथयामिते ॥ उद्दालकोमुनिवरः सुव्रतंपुत्रमेक दा ॥ ४ ॥ उवाचपुत्रगच्छेतिवनंशीघ्रंसमानय समित्कुशफलानीतिह्यग्निहोत्रंय थाभवेत् ॥ ५ ॥ इतिश्रुत्वापितुर्वाक्यंनासिकेतोवनंप्रति ॥ जगामतत्रसमुनिर्यत्रा स्तेशोभनंसरः ॥ ६ ॥

एकबार मुनिवर उद्दालक सुव्रत पुत्रसों कहत भये ॥ ४ ॥ कि, हे पुत्र ! वनको जाओ और समिधें कुशा तथा पत्ते शीघ्रही लाओ जासों अग्निहोत्र होय ॥ ५ ॥ यह पिताको वचन सुनिकै

नासिकेत मुनि वहाँ जातभये जहाँ एक सुंदर सरोवर हो ॥ ६ ॥ नानाप्रकारके वृक्ष लतानसे भरे भये और फलमूलनसों युक्त तथा नानाप्रकारके पक्षीन करि सेवन कियो गयो ऐसे वनको देखतभयो ॥ ७ ॥ नानाप्रकारके कमलनसों शोभायमान जो सुंदर सरोवर है तामें विधि-

दृष्ट्वारण्यंशुभंरम्यंनानाद्रुमलताकुलम् ॥ फलमूलयुतंचैवनानापक्षिनिषेवितम् ॥७॥
शुभेसरोवरेतत्रविविधोत्पलमण्डिते ॥ स्नानंकृत्वातुतत्रैवविधिदृष्टेनकर्मणा ॥ ८ ॥
देवार्चनंकृतंतेनदिव्यपुष्पैश्चनीरजैः ॥ नैवेद्यफलमूलाद्यैर्देवतापितृतर्पणैः॥९॥योग
मालभ्यतत्रैवधारणाध्यानकर्मणा ॥ देवार्चनंचयोगंचनित्यंसंपाद्ययत्नतः ॥ १०॥

पूर्वक स्नान आदि कर्म करत भयो ॥ ८ ॥ और वहां नासिकेतने सुंदर दिव्यकमलनसों देवतानको पूजन कियो और देवता तथा पितरनको तर्पण करिकै फलमूल आदिकी नैवेद्य करी ॥ ९ ॥ और धारणा तथा ध्यानकर्मसों वहाँई योगको आरंभ करि देवतानको पूजन और

योगको जतनसों सदा करतो भयो ॥ १० ॥ और शोचन लगो कि, मेरे पिताके अग्निहोत्रमें मेरो कियो भयो विघ्न उत्पन्न भयो है ऐसे मनमें निश्चय करिकै पिताके आश्रमको आवत भयो ॥ ११ ॥ ता पीछे उद्दालक मुनि देरमें आये भये पुत्रको देखि क्रोधसों लाल हैं नेत्र जिनके ऐसे

पितुर्मेविघ्नमुत्पन्नमग्निहोत्रेतुमत्कृतम् ॥ इतिनिश्चित्यमनसापितुराश्रममागमत् ॥ ११ ॥ ततउद्दालकःक्रुद्धोदृष्ट्वापुत्रंचिरागतम् ॥ उवाचक्रोधताम्राक्षोह्यग्निहोत्रवि घातकम् ॥ १२ ॥ किंतत्रफलमूलार्थंचिरंगत्वावनान्तरे ॥ स्थितंत्वयामंदभाग्य यज्ञेविघ्नः कृतोमम ॥ १३ ॥ अग्निहोत्रेणतृप्यंतिब्रह्माद्यादेवतागणाः ॥ तथापितृग णाः सर्वेतेषांविघ्नः कृतस्त्वया ॥ १४ ॥

हो अग्निहोत्रमें विघ्न करनहारे वा पुत्रसों बोलत भये ॥ १२ ॥ दूसरे वनमें फल मूल आदि लेने जायकै बहुत देरलौं काहेको ठहरो रे मंदभाग्य ! तैंने हमारे अग्निहोत्रमें विघ्न कियो ॥ १३ ॥ अग्निहोत्रसों ब्रह्मा आदि देवतानके गण तृप्त होयँ हैं तैसे पितृगणहू सब तृप्त होयँ हैं

उनको तैंने विघ्न कीन्हों ॥ १४ ॥ पिताके वा वचनको सुनिके वह तपस्वी फिर बोलत भयो ॥ १५ ॥ कि. हे तात ! यह अग्निहोत्र संसारका बंधन है और संसारमें परेभये जीवनको जन्म मृत्यु और महामोह निश्चय होय है ॥ १६ ॥ योगाभ्यासते परे संसारसमुद्रते पार करनहारो

पितुस्तद्वचनंश्रुत्वाप्रत्युवाचसतापसः ॥ १५ ॥ अग्निहोत्रमिदंतातसंसारस्यतुबन्धनम् ॥ जन्ममृत्युमहामोहाः संसारेपतनंध्रुवम् ॥ १६ ॥ योगाभ्यासात्परंनास्तिसंसारार्णवतारणम् ॥ ब्रह्माद्यादेवताः सर्वेइन्द्राद्याःकश्यपात्मजाः॥सर्वेयोगवशात्सिद्धागतास्ते परमां गतिम् ॥ १७ ॥ उद्दालक उवाच ॥ सर्वाश्रमेषु भो पुत्र ये चान्येतपसिस्थिताः ॥ अग्निहोत्रमुपासन्तेस्वर्गलोकायसुव्रत ॥ १८ ॥

और कुछ नहीं है ब्रह्मा आदिक सब देवता और इंद्र आदिक सब कश्यपके पुत्र ये सब योगके वशसों सिद्ध भये और वे परम गतिको प्राप्त भये ॥ १७ ॥ उद्दालक बोले ॥ हे पुत्र ! सब आश्रमनमें स्थित तथा जे कोई तपमें स्थित हैं हे सुव्रत ! वे स्वर्गलोकके लिये अग्निहोत्रकी उपा

सना करैं हैं ॥ १८ ॥ नासिकेत बोले ॥ स्वर्गमें जायकै संसारमें निश्चय करि फिर जन्म होयहै योगाभ्याससे परे कुछ नही है और न भयो न होयगो ॥ १९ ॥ हे प्रभो ! अग्निहोत्र न करनो चाहिये योगाभ्यास करौ ॥ २० ॥ वैशंपायन बोले ॥ उद्दालक वाको सुनिकै अपने पुत्रपर क्रोधित

नासिकेतउवाच ॥ स्वर्गं गत्वा पुनर्जन्म संसारे भवतिध्रुवम् ॥ योगाभ्यासात्प रंनास्तिनभूतोनभविष्यति ॥ १९ ॥ नकार्यमग्निहोत्रंतुयोगाभ्यासंकुरुप्रभो ॥ ॥ २० ॥ वैशम्पायनउवाच॥ उद्दालकस्तुतच्छ्रुत्वाक्रुद्धःसंस्तनयंप्रति॥ उवाचग च्छशीघ्रंत्वंयमंपश्यसुताधम ॥ २१ ॥ ततःशापेनरौद्रेणपतितोधरणीतले ॥ प्रणाममितिप्रत्युक्त्वानासिकेतोमहात्मवान् ॥ २२ ॥

होत भये और बोले कि; हे अधम पुत्र ! तू शीघ्र जा और यमराजको देख ॥ २१ ॥ ता पीछे या भयानक शापसो पृथिवीमें गिरत भयो और प्रणाम है अर्थात् मैंने आपको शाप अंगीकार कियो ऐसे वह महात्मा

नासिकेत प्रत्युत्तर दत भयो ॥ २२ ॥ हे महाराज ! जहां वैवस्वत काहिये सूर्यके पुत्र यमकी स्थिति है वाको मैं आपकी आज्ञासों देखोंगो तब पुत्रको पतित देखिकै ऋषि बहुतही व्याकुल होतभये ॥ २३ ॥ बडे शोकसों संतप्त हो बहुतही विलाप करत भये और हा पुत्र ! हा श्रेष्ठ शिशु !

वैवस्वतस्थितिर्यत्रपश्यास्यैवतवाज्ञया ॥ पतितंपुत्रकंदृष्ट्वाऋषिर्जातोतिविह्वलः ॥ ॥ २३ ॥ महाशोकेनसंतप्तोविललापातिदुःखितः ॥ हापुत्रहावराशिशोहाज्ञानि नहासुबुद्धिमन् ॥ २४ ॥ अहंपापीदुराचारीह्यहंक्रोधीद्विजाधमः ॥ यत्रवैवस्वतोराजादारुणानरकास्तथा ॥ २५ ॥ तत्रत्वयानगंतव्यंप्रायश्चित्तंविमर्शय ॥ एवंविलप्यमानंतंपुत्रः पुनरभाषत ॥ २६ ॥

हा ज्ञानी ! हा अच्छी बुद्धिवाले ! ॥ २४ ॥ मैं पापी हौं दुराचारी हौं क्रोधी हौं और ब्राह्मणमें अधम हौं जहां वैवस्तराजा हैं और दारुण नरक है ॥ २५ ॥ वहां तुमको न जानो चाहिये प्रायश्चि-

त्तको विचार करो या प्रकार विलाप करते भये मुनिसों पुत्र फिर बोलत भयो ॥ २६ ॥ जाते मेरो
तुम्हारो नमस्कार है हे अनघ ! जो वचन तुमने कहो वाको मैं सत्य करौंगो कबहूँ अन्यथा न
होयगो ॥ २७ ॥ मैं आपकी आज्ञा करौंगो हे महामाते ! ऐसे माति कहो सत्यसों सूर्य तपै है और

यतस्तेमेनमस्कारोयत्त्वयोक्तंवचोनघ ॥ तत्सत्यंचकरिष्यामिनान्यथास्यात्कदा
चन ॥ २७ ॥ आज्ञांतवकरिष्यामिमैवंवदमहामते ॥ सत्येनतपतेसूर्यः सत्येनपृथि
वीस्थिता ॥२८॥ सत्येनज्वलतेवह्निःसर्वसत्येप्रतिष्ठितम् ॥ अश्वमेधसहस्रंवैसत्येन
तुलयेन्नहि ॥२९॥ सत्येनगम्यतेस्वर्गःसत्येनपरमांगतिम् ॥ सत्यधर्मविहीनस्यनर
केपतनंध्रुवम् ॥ ३० ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनशोकंत्यक्त्वास्थिरोभव ॥ ३१ ॥

सत्यसों पृथिवी स्थित है ॥ २८ ॥ सत्यसों अग्नि जलै है सब सत्यहीमें प्रतिष्ठित है हजार अश्वमेध यज्ञहू
सत्यके साथ नहीं तुलैं हैं ॥ २९ ॥ सत्यसों स्वर्गमें जाय हैं और सत्यसे परमगति कहिये मोक्ष
होय है और जो धर्मसों विहीन है वाको निश्चय नरकमें पतन होयहै ॥ ३० ॥ ताते सब यत्ननसों

शोकको त्याग करिकै स्थिर होजाओ ॥ ३१ ॥ शीघ्रही यमके पुरको और धर्मराजके मंदिरको देखि शीघ्रही आपके चरणनमें आऊँगो ॥ ३२ ॥ वैशंपायन बोले ॥ पहले पिताके चरणको नमस्कार करि फिरि स्वयंभू जे ब्रह्मा हैं तिनको प्रणाम करि विनीत है आत्मा जाको ऐसो नासिकेत

दृष्ट्वायमपुरंसद्योधर्मराजस्यमंदिरम्॥ शीघ्रंचैवागमिष्यामितवपादसमीपतः ॥३२॥
वैशम्पायनउवाच॥॥पितृपादौप्रणम्यादौनमस्कृत्वास्वयंभुवे ॥ नासिकेतोविनीता
त्माक्षणेनांतरधीयत॥३३॥तस्यसर्वप्रयत्नेनशापमेवप्रलापयन्॥ संप्राप्तोवायुवेगेन
यत्रराजास्वयंयमः॥३४॥ददर्शधर्मराजानंज्वलंतमिवपावकम्॥ सिंहासनसमारूढं
सूर्यपुत्रंमहाबलम्॥३५॥इतिश्रीनासिकेतोपाख्यानेयमदर्शनंनामपंचमोऽध्यायः५॥

क्षणहीमें अंतर्धान होजातभयो ॥ ३३ ॥ सब जतनसों पिताके शापको सत्य करतो भयो वह नासिकेत पवनके वेगसों जहां यमराज है वहाँ प्राप्त होत भयो ॥ ३४ ॥ और अग्निके समान

प्रकाशमान सिंहासनपर बैठेभये ऐसे महाबली सूर्यके पुत्र जे यमराज हैं तिनको देखत भयो ॥ ३६ ॥ इति श्रीमत्पंडितपरमसुखतनयपंडितकेशवप्रसादशर्म्मद्विवेदिकृतायां नासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायां यमदर्शनो नाम पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥ वैशंपायन बोले ॥ विद्या और विनयसों

वैशम्पायन उवाच॥प्रविष्टस्तुसभामध्येविद्याविनयभूषितः॥तेनस्तोत्रंसमारब्धंधर्मराजस्यशोभनम् ॥ १ ॥ नासिकेतउवाच. ॥ ॥ नमस्तेधर्मराजायत्रैलोक्यस्यपितामह ॥ सर्वलोकस्यसंगोप्त्रेनमःसर्वहितायच ॥ २ ॥ मार्तण्डसूनवेदिव्यदेहायामिततेजसे ॥ नमस्तेरविभक्तायनिर्मलायचतेनमः ॥ ३ ॥

भूषित वह नासिकेत यमकी सभामें जातभयो फिर वाने सुंदर यमके स्तोत्रको आरंभ कियो ॥ १ ॥ नासिकेत बोलो ॥ तीनों लोकके पितामह जे आप धर्मराज हैं तिनको नमस्कार है और तीन लोकनके रक्षा करनहारे और सबके हितकारी जे आप हैं तिनको नमस्कार है ॥ २ ॥ सूर्यके पुत्र

दिव्य देह और अमित है तेज जिनको ऐसे जे आप हैं तिनको नमस्कार है और हे धर्मराज ! रविके भक्त निर्मल रूप जे आप हैं तिनको नस्मकार है ॥ ३ ॥ सुंदर कांति करिके युक्त है स्वरूप जिनका और देवतानकरिके पूजित जे आप हैं तिनको नमस्कार है और धर्मके अधिकारी तथा बहुत रूप

सुप्रभाढ्यस्वरूपायनमस्तेसुरपूजिते ॥ धर्माधिकारिणेश्रीमन्नमस्तेबहुरूपिणे ॥ ॥ ४ ॥ नमोधर्मायमहते नमः पापान्त्वकाय च ॥ ज्ञानविज्ञानरूपायधर्ममूर्तेन मोस्तुते ॥ ५ ॥ वैशम्पायनउवाच ॥ नासिकेतकृतंस्तोत्रंप्रत्यक्षंपापनाशनम् ॥ यःपठेत्प्रयतः सम्यग्धर्मराजस्यकीर्तनम् ॥ ६ ॥

धारण करनहारे जे श्रीमान् आप हैं तिनको नमस्कार है ॥ ४ ॥ बडे धर्मरूप और पापके नाश करनहारे जे आप हैं तिनको नमस्कार है और ज्ञान विज्ञानरूप धर्ममूर्ति जे आप हैं तिनको नमस्कार है ॥ ५ ॥ वैशंपायन बोले ॥ कि नासिकेतको कियो भयो स्तोत्र

प्रत्यक्ष पापको नाश करनहारो है जो सावधान होके धर्मराजके कीर्तनको भली भाँति पढै है ॥ ६ ॥ वाके आधि कहिये मानसी व्यथा और काय जो शरीर है तामें रोगको भय नही है और वाके ऊपर यमराज संतुष्ट होय है और वह नरकको नहीं देखै है ॥ ७ ॥ विप्रकरि कहे भये या स्तोत्रको सुनिकै धर्म-

नैवतस्यभवेदाधिः कायेरोगभयंनहि ॥ यमस्तुष्टोभवेत्तस्यनरकांश्चनपश्यति॥७॥
श्रुत्वाविप्रेरितंस्तोत्रंधर्मराजोवचोब्रवीत् ॥ तुष्टोहंतवविप्रेंद्रब्रूह्यागमनकारणम् ॥८॥
नासिकेतउवाच ॥ पित्राक्रुद्धेनशप्तोहंयमंपश्येतिभानुज ॥ तदाज्ञयात्रसंप्राप्तो योगमार्गेणवेगतः ॥ ९ ॥

राज वचन बोलत भये हे विप्र ! मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्न हौं अपने आवनेको कारण कहौ ॥ ८ ॥ नासिकेत बोले ॥ हे सूर्यपुत्र ! पिताने क्रुद्ध होकै यह शाप दियो है कि, तू यमको देख सो मैं उनकी आज्ञासों यहां

योगमार्गकरि वेगसों आयो हौं ॥ ९ ॥ यम बोले कि हे महाप्राज्ञ ! तुम कहा पूछो हो वाको सुखसों विचार करौ और जो तुम्हारे मनमें होय सो वर मांगो मैं देऊँगो ॥ १० ॥ नाचिकेत बोले ॥ कि हे देव ! जो तुम मोपर प्रसन्न हो तौ मोको यह वर देउ कि, तुम्हारी सब पुरीको देखौं और चित्रगुप्त लेखकहूको देखौं

यमउवाच ॥ किंपृच्छसिमहाप्राज्ञविचारययथासुखम् ॥ वरंब्रूहिप्रयच्छामिय
त्तेमनसिवर्त्तते ॥ १० ॥ नाचिकेतउवाच ॥ यदितुष्टोसिमेदेववरमेनंप्रयच्छमे ॥
पश्यामितेपुरींसर्वांचित्रगुप्तंचलेखकम् ॥ ११ ॥ दुष्कृतीपच्यतेयत्रसुकृतीसुखमे
धते ॥ एतदिच्छामिसंद्रष्टुंप्रसादंकुरुसूर्यज ॥ १२ ॥ वैशम्पायनउवाच ॥ किंकरांस्त
त्रचाहूयधर्मराजेनभाषितम् ॥ एनंविप्रंमहाप्राज्ञंसत्यव्रतपरायणम् ॥ १३ ॥

॥ ११ ॥ और जहां पापी दुःख पावैं हैं तथा पुण्यात्मा सुख पावैं हैं यह सब मैं देखो चाहौ हौं हे सूर्यके पुत्र ! मोपै प्रसन्न होउ ॥ १२ ॥ वैशंपायन बोले ॥ तब यमराज अपने सेवकनको बुलायके कहतभये कि,

सत्यव्रतमें परायण या बड पंडित ब्राह्मणको तुम लेजाउ ॥ ॥ १३ ॥ और पिताके शापसों यहां आये- भये याको मेरी पुरी दिखाओ ॥ १४ ॥ तब वे सब किंकर चित्रगुप्तके घरमें हे भारत ! नासिकेत समेत जायकै वे सब चित्रगुप्तके द्वारपालनसों कहत भये ॥ १५ ॥ कि, यह महात्मा नासिकेत ब्राह्मण यम

पितुःशापादिहायातंदर्शयन्तुपुरींमम ॥ तदातेकिंकराः सर्वेचित्रगुप्तस्यवेश्मनि ॥ ॥ १४ ॥ गत्वातत्रैवसहितानासिकेतेनभारत ॥ चित्रगुप्तस्यतेसर्वेद्वारपालमथाब्रुवन् ॥ १५ ॥ यमेनप्रेषितोविप्रोनासिकेतोमहात्मवान् ॥ श्रोतव्यंवचनंचास्यदर्शयध्वंपुरंमहत् ॥ १६ ॥ इतिदूतवचः श्रुत्वाद्वारपालोऽब्रवीद्वचः ॥ चित्रगुप्तंनमस्कृत्यधर्मराजस्यलेखकम् ॥ १७ ॥

कारकै पठायो गयो है सो याको वचन सुनिये और यह बडो पुर याहि दिखाइये ॥ १६ ॥ यह दूतको वचन सुनिकै द्वारपाल बोलत भयो और धर्मराजके लेखक चित्रगुप्तको नमस्कार कारकै कहत भयो ॥ १७ ॥

हे देव ! वचन सुनिये यम कारिकै पठायो गयो ब्राह्मण यमके दूतनसमेत आपके द्वार पै स्थित है ॥ १८ ॥ चित्रगुप्त बोले ॥ कि हे दूतो ! वा ब्राह्मणको बहुत शीघ्र मेरे समीप लाओ ॥ १९ ॥ चित्रगुप्तको वचन सुनिके वह उन सबनको लावत भयो और चित्रगुप्त उनसों बोलत भये कि,

वचनंश्रूयतांदेवयमेनप्रेषितोद्विजः ॥ सहितोयमदूतैश्चद्वारेतिष्ठतितेऽनघः॥ १८ ॥ चित्रगुप्तउवाच ॥ विप्रंतुत्वारितंदूतसमानयममान्तिकम् ॥ चित्रगुप्तवचः श्रुत्वासो पिसर्वान्समानयत् ॥ १९ ॥ उवाचचित्रगुप्तस्तान्किंकार्यंब्रूतसुव्रताः ॥ २० ॥ त्वाऊचुः ॥ प्रेषिताः स्मोमहाभागधर्मराजेनधीमता ॥ तेनाज्ञप्तंमहाप्राज्ञतत्कु रुष्वविलम्बितम् ॥ २१ ॥

हे महाभाग ! कहा काम है सो कहो कहो ॥ २० ॥ दूत बोले ॥ हे महाराज ! हम महाभाग धर्मराज करि पठाये गये हैं ताते हे महाप्राज्ञ ! उनने जो आज्ञा दीन्ही है वाको तुम शीघ्र

करौ ॥ २१ ॥ बडो पंडित और सत्यधर्ममें परायण जो यह ब्राह्मण है सो पिताके शापके योगसों यमपुरमें प्राप्त भयो है, सो यह जो जो वांछा करै सो सो करने योग्य है ॥ २२॥ चित्रगुप्त बोले ॥ कि; हे महाप्राज्ञ ! विप्र जो तुम चाहौहौ सो कहौ हे द्विजश्रेष्ठ ! धर्मराजकी आज्ञा मोको प्रमाण है

सोयंविप्रोमहाप्राज्ञः सत्यधर्मपरायणः ॥ पितुः शापाच्चयोगेनप्राप्तोवैवस्वतंपुरम् ॥
अस्य वाञ्छाप्रकर्त्तव्यायद्यदिच्छति वै द्विजः ॥ २२ ॥ चित्रगुप्त उवाच ॥
ब्रूहिविप्रमहाप्राज्ञयत्त्वमिच्छसितद्वद ॥ धर्मराजस्यचाज्ञामेप्रमाणंद्विजसत्तम
॥ २३ ॥ नाचिकेतउवाच ॥ महावीर्यमहातेजोधर्माधर्मविचारक ॥ त्वंचित्रंसर्व
भूतानांसर्ववोत्सिशुभाशुभम् ॥ २४ ॥ वैशम्पायनउवाच ॥ एवंचतोषितस्तेन
चित्रगुप्तोमहात्मवान् ॥ हर्षितोद्विजवाक्येनपुनरेवाब्रवीद्विजम् ॥ २५ ॥

॥ २३ ॥ नाचिकेत बोले ॥ हे बडे पराक्रमी ! हे बडे तेजस्वी ! हे धर्म अधर्मके विचार करनहारे ! तुम सब भूतनके शुभ अशुभ कर्मनको जानो हौ ॥ २४ ॥ वैशंपायन बोले ॥ ऐसे संतुष्ट

करे गये महात्मा चित्रगुप्त वा ब्राह्मणके वचनसों प्रसन्न हो वासों फिरि बोलत भये ॥ २५ ॥ हे ज्ञानविज्ञानसों युक्त द्विजोत्तम । मैं तुमसों प्रसन्न हौं और जो तुम्हारे मनमें है सो वर मैं तुमको देउँहौं ॥ २६ ॥ नासिकेत बोले ॥ मैं तुम्हारी सब पुरीको देखौं और दुःख तथा सुखनको देखौं

ज्ञानविज्ञानसंयुक्तुष्टोऽहंतेद्विजोत्तम ॥ ददामितेवरंशीघ्रंयत्तेमनसिवर्तते ॥ २६॥ नासिकेतउवाच ॥ पश्यामिवः पुरींसर्वादुःखानिचसुखानचि ॥ एतच्छ्रुत्वावचोभूयश्चित्रगुप्तोवचोऽब्रवीत् ॥ २७ ॥ भोदूताममवाक्येनसत्वरांद्विजपुङ्गवम् ॥ विषमं चशुभंसर्वं दर्शयन्तुपुरंमहत् ॥ २८ ॥ यथानपीड्यतेविप्रोव्याधिभिर्नरकैस्तथा ॥ दर्शयित्वाचविप्रेन्द्रंपुनरत्रानयंतुच ॥ २९ ॥

या वचनको सुनिकै चित्रगुप्त फिरि वचन बोलत भये ॥ २७ ॥ हे दूतो । मेरे वचनसों तुम या श्रेष्ठ ब्राह्मणको विषम तथा शुभ सब मेरो बडो पुर शीघ्र दिखाओ ॥ २८ ॥ जैसे यह विप्र नरक

न कारिकै ओरहूं व्याधिन करि पीडित न होय ऐसे या विप्रेंद्रको सब दिखाकै फिरि यहाँ लै आओ ॥ २९ ॥ चित्रगुप्त करिकै आज्ञादिये गये बहुत शीघ्र चलनहारे दूतनने धर्मराजकी आज्ञासों बडी वह सब पुरी नासिकेतको दिखाई ॥ ३० ॥ और फिरि उनको चित्रगुप्तके घरको

चित्रगुप्ताज्ञयासर्वैर्दूतैस्त्वरितगामिभिः ॥ दर्शयित्वापुरींसर्वांपृथुलांधर्मशासनात् ॥ ॥ ३० ॥ आनीतः पुरतस्तस्यचित्रगुप्तस्यवेश्मनि ॥ चित्रगुप्तउवाच ॥ नीयतांवै द्विजः शीघ्रंधर्मराजस्यसन्निधौ ॥ ३१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तंप्रणम्यगतस्तत्रय त्रवैवस्वतः स्थितः ॥ यमश्चाप्यागतंदृष्ट्वानासिकेतंमहत्तमम् ॥ ३२ ॥ अर्घ्यपाद्यास नैरेनंनासिकेतमपूजयत् सुखासीनस्यविप्रस्ययमोवचनमब्रवीत् ॥ ३३ ॥

लावत भये ॥ चित्रगुप्त बोले । या ब्राह्मणको शीघ्रही धर्मराजके समीप ले जाओ ॥ ३१ ॥ वैशंपायन बोले ॥ चित्रगुप्तको प्रणाम करिकै जहाँ वैवस्वत है वहां जात भये और यम हूँ अति श्रेष्ठ नासिकेतको आयो भयो देखि ॥ ३२ ॥ अर्घ्य पाद्य और आसन आदिसों नासिकेतको पूजन

करत भये फिरि सुखसों बैठे भये वा ब्राह्मणसों यमराज वचन बोलत भये ॥ २३ ॥ हे नासिकेत महाभाग ! तुम नाना प्रकारके स्थान और चित्रगुप्त लेखकको देखिकै सुखसों आये ? ॥ ॥ ३४ ॥ नासिकेत बोले ॥ कि तुम्हारे प्रसादसों मैंने स्वर्ग और नरक देखो मेरे पिता मेरे मोहसों मोहित हो दुःखसों घोर वनमें

नासिकेतमहाभागह्यागतस्त्वंसुखेनच ॥ दृष्ट्वाचविविधंस्थानंचित्रगुप्तंचलेख कम् ॥ ३४ ॥ नासिकेतउवाच ॥ त्वत्प्रसादान्मयादृष्टः स्वर्गश्चनरक स्तथा ॥ पितामेदुःखतोघोरेवनेतिष्ठतिमोहितः ॥ ३५ ॥ तस्यपादौप्रपश्या मिस्वामिन्नाज्ञाभवेद्यदि ॥ ॥ यमउवाच ॥ ॥ गच्छद्विजवरश्रेष्ठयत्रतिष्ठ तितेपिता ॥ ३६ ॥

स्थित हैं ॥३५॥ हे स्वामी ! जो आज्ञा होय तौ मैं उनके चरण जायके देखौं ॥ यम बोले ॥ हे द्विजवरमें श्रेष्ठ ! जहाँ तुम्हारे पिता हैं वहाँ जाओ ॥ ३६ ॥

हे विप्र ! तप और योगबलसों युक्त तुम अजर अमर और सब दोषन करिकै रहित होउ ॥ २७ ॥ वैशंपायन बोले ॥ ऐसे कहेगये वे द्विजोत्तम धर्मराजको नमस्कार करि जा मार्ग- सों गये हैं वाही मार्गसों फिरि आय जात भये ॥ ३८ ॥ आधेही पलमें जहां पिता है वहां आय

अजरश्चामरश्चैवसर्वदोषविवर्जितः ॥ भवत्वमक्षयोविप्रतपोयोगबलान्वितः॥३७॥
वैशम्पायनउवाच ॥ एवमुक्तोनमस्कृत्यधर्मराजंद्विजोत्तमः ॥ गतोसौयेनमार्गेण
तेनैवपुनरागतः॥३८॥यत्रस्थितःपितातत्रसंप्राप्तोनिमिषार्द्धतः ॥ उद्दालकोमहात्मा
नंदृष्ट्वापुत्रंसमागतम्॥ उवाचतंपरिष्वज्यनमंतंपादयोर्मुहुः॥३९॥ उद्दालकउवाच॥
अद्यमेसफलंजन्मह्यद्यमेसफलाः क्रियाः॥अद्यमेसफलंसर्वंयज्जातंपुत्रदर्शनम्॥४०॥

जात भये तब उद्दालक आये भये महात्मा पुत्रको देखि चरणनमें नमत भये वाको छातीसों लगायकै बोलत भये ॥ ३९ ॥ उद्दालक बोले ॥ आज मेरो जन्म सफल भयो और आज मेरी

क्रिया सफल भई और पुत्रको जो दर्शन भयो ताते आज मेरो सब सफल भयो ॥ ४० ॥ मैं क्रोधी दुराचारी निर्दयी और पाप कर्मनको करनहारो हौं विना अपराधके मैंने पुत्रको शाप दियो ॥ ४१ ॥ पुत्रको आयो भयो देखि हर्षित होके माता बोलत भई ॥ ४२ ॥ मेरे पुत्रको

अहंक्रोधीदुराचारीनिर्दयःपापकर्मकृत् ॥ विनापराधंपुत्रंतुमयाशापोनियोजितः ॥ ॥ ४१ ॥ दृष्ट्वापुत्रंसमायातंमातप्रोवाचहर्षिता ॥ पश्यपश्यप्रभावंवैमत्पुत्रस्यसु शोभन ॥४२॥ ॥ शीघ्रंचैवयमंदृष्ट्वाचागतोयमसादनात् ॥४३॥ उद्दालकउवाच ॥ कथंयमपुरींप्राप्तःकथं शीघ्रमिहागतः ॥ कीदृशोयमलोकस्यपन्थाश्चैवयम स्तथा ॥ ४४ ॥

सुन्दर प्रभाव देखौ जो यमको देखिकै यमके वरते शीघ्र यहां आय गयो ॥ ४३ ॥ उद्दालक बोले ॥ यमकी पुरीमें कैसे पहुँचो और कैसे शीघ्रही यहां आयगयो और यमलोकको मार्ग कैसो है और

यम कैसे हैं ॥ ४४ ॥ हे पुत्र ! तुमने भोजन और पान कैसे पायो तुमने जो कुछ वहां देखो होय सो सब हे पुत्र ! मोसों कहौ ॥ ४५ ॥ नासिकेत बोले ॥ हे पिता ! मैं तुम्हारे प्रसादसों यमके लोकमें पहुँचा वहां नाना प्रकारके देवता देखे और भगवान् प्रभु यमहूँ देखे ॥ ४६ ॥ और सब लोकके अनुशासन

कथंलब्धंत्वयापुत्रभोजनंपानमेवच ॥ यत्किंचित्तत्रवैदृष्टंतत्सर्वंब्रूहिमेसुत ॥ ४५ ॥
नासिकेतउवाच ॥ त्वत्प्रसादादहंतातसंप्राप्तोयमसादनम् ॥ देवाश्चाविविधादृष्टाय
मश्चभगवान्प्रभुः ॥ ४६ ॥ चित्रगुप्तोमयादृष्टःसर्वलोकानुशासनः ॥ दृष्टश्चधर्मरा
जोवैस्तुतिभिस्तोषितोमया ॥ तुष्टेनमेवरोदत्तोह्यजरश्चामरोभव ॥ ४७ ॥ ॥
इति श्रीनासिकेतोपाख्यानेषष्ठोध्यायः ॥ ६ ॥

करनहारे चित्रगुप्त मैंने देखे और धर्मराज देखे और मैंने स्तुति करिकै उनको संतुष्ट किये तब संतुष्ट भये यमराजने मोको वर दियो कि, तू अजर अमर हो ॥ ४७ ॥ इतिश्रीमत्पंडितपर
मसुखतनयपंडितकेशवप्रसादशर्माद्विवेदिकृतायां नासिकेतोपाख्यानभाषाटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

वैशंपायन बोले ॥ ता पीछे सब ऋषि या उपाख्यानको सुनिके विस्मयको प्राप्त होत भये कि, यमके भवनमें जायके फिरि यहां कैसे आय गयो ॥ १ ॥ वा समय तप और व्रतनके करनहारे बहुतसे मुनीश्वर वा उद्दालक मुनिके आश्रममें पूँछिबेको आवत भये ॥

वैशम्पायनउवाच ॥ ऋषयश्चततःश्रुत्वासर्वेविस्मयमागताः ॥ यमस्यभवनं गत्वा मुनिंपुनरिहागतम् ॥ १ ॥ आगताश्चाश्रमेतस्यमुनेरुद्दालकस्यच ॥ प्रश्नार्थंचसमा यातास्तपोव्रतसमन्विताः ॥ २ ॥ पक्षोपवासिनःकेचिद्येचान्येजलवासिनः ॥ अधो मुखास्तथैवान्येवायुभक्षास्तथापरे ॥ ३ ॥ येचाग्निसाधकाश्चान्येनिराहारास्तप स्विनः ॥ ४ ॥

॥ २ ॥ कोई पक्षके उपवास करनहारे हैं और कोई जलमें वास करनहारे और कोई नीचेको मुख राखनहारे हैं तथा कोई पवनको आहार करनहारे हैं ॥ ३ ॥ और जे अग्निको साधन-हारे निराहार तपस्वी हैं वेऊ आवतभये ॥ ४ ॥ और बडो जो दारुण तप है ताके करबेके

एक पांवसों ठाढे रहत हैं वेऊ आवत भये और संन्यासी तथा वनवासी और मौन व्रतके धारन करनहारेहू आवत भये ॥ ५ ॥ और जप तथा यज्ञमें तत्पर बडो उग्र है तेज जिनको ऐसे ऋषि

एकपादेनतिष्ठन्तस्तपस्तप्तुंसुदारुणम् ॥ संन्यासिनोवनस्थाश्चमौनव्रतपरायणाः॥ ॥ ५ ॥ जपयज्ञरताः केचिद्दृषयश्चोग्रतेजसः ॥ योगाभ्यासरताःकेचित्तापसाब्रह्म चारिणः ॥ ६ ॥ शुष्कपर्णाशनाःकेचित्तथामासोपवासिनः ॥ पप्रच्छुर्मिलिता सर्वेनासिकेतंमहामुनिम् ॥ ७ ॥ उद्दालकात्मजप्राज्ञदृष्टंचैवत्वयाद्भुतम् ॥ ८ ॥

और कोई योगाभ्यासमें लगेभये और कोई तपस्वी तथा ब्रह्मचारीहू आवत भये ॥ ६ ॥ कोई सूखे पत्तनके खानहारे और कोई एक महीनाको व्रत करनहारे ऐसे बहुतसे ऋषि आवत भये और सब मिलिके नासिकेत महा मुनिसों पूछत भये ॥ ७ ॥ हे बडे पंडित उद्दालकके पुत्र !

तुमनें जो अद्भुत देखो है ॥ ८ ॥ हे महाभाग नासिकेत ! परलोककी कथाको कहो कि यमको लोक कैसो है और वाको मार्ग कैसो है ॥ ९ ॥ और यमके दूत कैसे हैं वहांकी मर्यादा कहा है और हे द्विज ! वहांके लोग कैसे हैं क्रोधी हैं अथवा मीठो वचन वालें हैं ॥ १० ॥ और वहां

नासिकेतमहाभागपरलोककथांवद ॥ कीदृशोयमलोकश्चतस्यमार्गश्चकीदृशः ॥ ९ ॥ कीदृशायमदूताश्चकास्थिविर्वर्त्ततेद्विज ॥ कीदृशस्तत्रलोकश्चक्रोधीवा प्रियवाग्द्विज ॥ १० ॥ कीदृशानरकास्तत्रकेनपापेनकोभवेत् ॥ सत्यंब्रूहिम हाप्राज्ञऋषयःप्रष्टमागताः ॥ ११ ॥ नासिकेतउवाच ॥ श्रूयतामृषयःसर्वेयेचान्ये तपसिस्थिताः ॥ नमस्कृत्यमहादेवंधर्मराजंमहामतिम् ॥ तत्रदृष्टंप्रवक्ष्यामिमहान्तं रोमहर्षणम् ॥ १२ ॥

नरक कैसे हैं और कौनसे पापते कौनसो नरक मिलै है हे महाप्राज्ञ ! सत्य कहो ऋषि पूछिबेको आये हैं ॥ ११ ॥ नासिकेत बोले ॥ हे सब ऋषियो ! सुनो और जे अन्य ऋषि तपस्यामें

बैठे हैं वेऊ सुनैं मैं महादेव धर्मराज जे महामति हैं उनको नमस्कार करिकै बडो रोमहर्ष करा-
वनहारो जो वहां देखो है ताहि कहौंगो ॥ १२ ॥ हे ब्राह्मणो ! पिताके शापसों
मैं संयमनी नाम जो यमराजकी पुरी है तामें पहुँचत भयो वहां मैंने धर्मराज देखे और स्तुतिनसों

पितुःशापादहंप्राप्तोविप्राःसंयमनींपुरीम् ॥ तत्रदृष्टोधर्मराजःस्तुतिभिस्तोषितो
मया ॥ १३ ॥ तुष्टेधर्मेमयाप्रोक्तंदर्शयस्वपुरींतव ॥ तदायमाज्ञयासर्वापुरीदृष्टाम
याद्विजाः ॥ १४ ॥ चित्रगुप्तोमयादृष्टःशुभाशुभविचारकः ॥ ततोवरंमयालब्धंवि
नयाविष्टचेतसा ॥ अजरामरताचैवव्याधिदुःखविनाशनम् ॥ १५ ॥

उनको संतुष्ट करत भयो ॥ १३ ॥ और जब धर्मराज संतुष्ट भये तब मैंने उनसों कह्यो कि, अपनी
पुरीको दिखाओ । हे ब्राह्मणो ! तब उनकी आज्ञा लेकै मैंने सब पुरी देखी ॥ १४ ॥ और शुभ
अशुभके विचार करनहारे चित्रगुप्तहू मैंने देखे और विनययुक्त चित्त होकै मैंने वरहू पायो कि, तू

अजर अमर हो और तेरे व्याधि तथा दुःख सब नाशको प्राप्त ॥ होयँ ॥ १५ ॥ और अपने पिताके प्रसाद ते फिरि यहां आय गयो और यमलोकको विस्तार फिरि मैं कहौंगो ॥ १६ ॥ कि वह प्रमाणमें एक हजार योजन चौडो लंबो है वाके चारि कोने हैं और चारि वाके द्वार हैं और नाना

आगतोहंपुनश्चैवापितुर्ममप्रसादतः ॥ पुनश्चाहंप्रवक्ष्यामियमलोकस्यविस्तृतिम् ॥ १६ ॥ शतानिदशविस्तीर्णं योजनानांप्रमाणतः ॥ चतुरस्रंचतुर्द्वारंनानारत्नो पशोभितम् ॥१७॥ नानाजनसमाकीर्णं गीतवादित्रसंयुतम् ॥ धर्मराजपुरंदिव्यं सप्तप्राकारवेष्टितम् ॥ १८ ॥ तस्यमध्येमहादिव्यंधर्मराजस्यमंदिरम् ॥ सर्वरत्न मयंवह्निविद्युद्ज्वालार्कवर्चसम् ॥ १९ ॥

प्रकारके रत्ननसों शोभित है ॥ १७ ॥ और नाना प्रकारके जे जन हैं तिन करिके समाकीर्ण कहिये भरो भयो है और जामे सदा गावनो बजावनो होय है और सात परकोटानसों घिरो भयो वह दिव्य यमराजको पुर है ॥ १८ ॥ वाके मध्यमें बहुतही सुन्दर धर्मराजको मंदिर है यह सब प्रकार-

